इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -303 राजनांदगांव, रविवार 22 सितंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

शुक्ला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
- डायलिसिस सुविधा उपलब्ध
- प्रोस्टेट एवं पथरी का इलाज दूरबिन पद्धति द्वारा
- आयुष्मान कार्ड द्वारा निः शुल्क ईलाज
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.) मो.नं.- 9301033013

## बाइडेन से मिलने उनके घर पहुंचे मोदी : अमेरिकी राष्ट्रपति ने गले लगाया; व्हाइट हाउस ने की खालिस्तानियों की मेजबानी

वाशिंगटन। क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर अमेरिका पहुंचने वाले हैं, पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से कुछ घंटे पहले व्हाइट हाउस ने खालिस्तान आंदोलन के समर्थक सिखों के एक समूह से मुलाकात की। इस दौरान व्हाइट हाउस ने उन्हें 'अपनी धरती पर किसी भी अंतर्राष्ट्रीय आक्रमण से सुरक्षा' का आश्वासन दिया।

व्हाइट हाउस ने कहा कि वह अमेरिकी नागरिकों को देश की सीमाओं के भीतर किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए उनके साथ खड़ा हैं. यह घटनाक्रम ऐसी चिंताओं के बीच सामने आया है, जब कनाडा और अमेरिका खालिस्तानी अलगाववादियों को शरण दे रहे हैं।

### खालिस्तान आंदोलन से जुड़े समूह भारत में है बैन

दरअसल, खालिस्तान आंदोलन से जुड़े समूह भारत में प्रतिबंधित हैं. इनमें से कई संगठनों ने पिछले कुछ दशकों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया है. जबकि अमेरिका ने ऐसे तत्वों को 'आश्रय देने' पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है. वहीं, कनाडा ने इसे अपनी 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' कहा है।

### यूएस की ओर से खालिस्तानियों के समर्थन पर बोले जयशंकर

इस मामले को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, 'भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान करता है और उसका पालन करता है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब अलगाववाद का समर्थन करने की स्वतंत्रता नहीं है. इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक स्थान देने की स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा, किसी भी नियम-आधारित समाज में, आप सोचेंगे कि आप लोगों की पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था आदि।

जयशंकर ने कहा था, अगर आपके पास ऐसे लोग हैं जिनकी मौजूदगी खुद बहुत संदिग्ध दस्तावेजों पर दर्ज है तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक वास्तव में आपके कानून के शासन से ज्यादा शक्तिशाली है। यह बैठक आधिकारिक व्हाइट हाउस परिसर में आयोजित की गई, इसमें अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के प्रीतपाल सिंह और सिख गठबंधन और सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस दौरान अमेरिकन सिख कॉकस कमेटी के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राष्ट्रपति भवन में बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने रखी अपनी पीड़ा, साय की संवेदनशील पहल का हुआ उल्लेख

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन में आज का दिन बस्तर के नक्सल पीड़ितों के लिए उम्मीदों भरा था। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र से आए 70 लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल के तहत, अपनी पीड़ा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलने पहुंचा। उनके चेहरे पर वर्षों से झेले गए अत्याचार की छाप थी, लेकिन उनकी आंखों में अब उम्मीद की किरण भी नजर आ रही थी।

### राष्ट्रपति से मुलाकात का उद्देश्य साफ था

नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों की समस्याओं को देश की सर्वोच्च शक्ति के सामने रखना और बस्तर को माओवाद के आतंक से मुक्त कराने की अपील करना। मुलाकात के दौरान पीड़ितों ने बताया कि कैसे माओवादी हमलों ने उनके जीवन को तबाह कर दिया है।

प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को अवगत कराया कि पिछले चार दशकों से बस्तरवासी माओवादी आतंक का दंश झेल रहे हैं। माओवादी हमलों में हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और सैकड़ों लोग अपंग हो चुके हैं। बारूदी सुरंगों और बम विस्फोटों ने उनके जीवन को तहस-नहस कर दिया है। विस्फोटों से न केवल शरीर को नुकसान पहुंचा है, बल्कि मानसिक रूप से भी वे पूरी तरह टूट चुके हैं। प्रतिनिधियों ने बताया कि माओवादियों ने उनके घर, जमीन और संस्कृति को भी बर्बाद कर दिया है। बस्तर में 8,000 से अधिक लोग पिछले ढाई दशकों में माओवादी हिंसा के शिकार हुए हैं। आज भी कई लोग नक्सलियों के डर के साये में जीने को मजबूर हैं। जहां देश के अन्य हिस्सों में लोग स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वहीं बस्तर के लोग अपनी जमीन और अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल

प्रतिनिधिमंडल ने जब राष्ट्रपति के समक्ष अपनी बात रखी, तो उन्होंने खास तौर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व को सराहा। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल और नेतृत्व के कारण बस्तर में शांति बहाली और विकास के कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उनके नेतृत्व में बस्तर में न केवल नक्सल उन्मूलन के लिए प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं, बल्कि लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं ने बस्तरवासियों में एक नई आशा जगाई है। बस्तर शांति समिति के प्रतिनिधिमंडल के नेताओं मंगऊ राम कावड़े और जयराम दास ने राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि बस्तर में शांति बहाल करने (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली की कोर्ट ने दाती महाराज समेत 2 अन्य को रेप का दोषी पाया, जाना होगा जेल

नई दिल्ली। दिल्ली की साकेत जिला अदालत में मदन राजस्थानी उर्फ दाती महाराज को 2018 के रेप मामले में दोषी पाया है। इस मामले में अन्य 2 आरोपियों को भी कोर्ट ने दषी पाया है। कोर्ट ने तीनों के खिलाफ ट्रायल शुरू करने का निर्देश दिया है। यह मामला उनके एक शिष्य की शिकायत पर दर्ज किया गया था। विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट की न्यायाधीश नेहा ने मदन राजस्थानी और उसके दो भाइयों अशोक और अर्जुन के खिलाफ आरोप तय किए हैं।

वहीं कोर्ट ने एक आरोपी अनिल को आरोपमुक्त कर दिया है। मदन राजस्थानी और अन्य आरोपियों ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से इनकार किया और मुकदमे का दावा किया। इसके बाद, अदालत ने मामले को 18 अक्टूबर से अभियोजन साक्ष्य दर्ज करने के लिए सूचीबद्ध किया।

शुरुआत में, एफआईआर फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी। बाद में जांच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को स्थानांतरित की गई।

### इन धाराओं में दर्ज हुआ था केस

दाती महाराज और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 377, 506 आदि के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई के बाद जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी इसके बाद सीबीआई ने आरोप पत्र भी दाखिल किया था।

साल 2018 में दर्ज शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पीड़िता के साथ 2016 में रेप किया गया था। उसने यह भी आरोप लगाया था कि बाल ग्राम राजस्थान के गुरुकुल अश्वासन में उसके साथ बार-बार बलात्कार किया गया था। उसने कहा था कि उसने पहले शिकायत दर्ज नहीं कराई थी क्योंकि उसे स्वयंभू भगवान व्यक्ति से डर लगता था।

पटेल इलेक्ट्रिकल्स एंड सोलर
PATEL ELECTRICALS & SOLAR
हमारी सेवाएं
रेसिडेंशियल कमर्शियल होटल, हॉस्पिटल पेट्रोल पम्प
सभी जगहों में सोलर रूफटॉप लगाया जाता है
सब्सिडी एवं फाइनेंस सुविधाएं उपलब्ध
अब दिल नहीं बिजली बिल छोटा कीजिये
8889999485, 9201681616
मोतीनाथ मंदिर भरकापारा राजनांदगांव 491441

## हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप के गोले से देंगे: शाह

मेंढर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया पाकिस्तान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डर से जम्मू सीमा पर संघर्षविराम का उल्लंघन नहीं कर पा रहा है और, अगर वह भारतीय सेना पर एक भी गोली चलाता है, तो उसका जवाब तोप के गोले से दिया जायेगा। जम्मू क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों के लिए राजनीतिक प्रचार शुरू करने के बाद से यह पहली बार है कि केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने भाषण में पाकिस्तान पर हमला किया है।

श्री शाह ने आज जम्मू क्षेत्र के मेंढर इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि सीमाएं खामोश हैं और मेंढर तथा अन्य सीमावर्ती जिलों के लोग शांति से रह रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान को सीमा पर किसी भी तरह की दुस्साहस न करने की चुनौती देते हुए कहा,÷ पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के समय में, इस क्षेत्र में सीमा पार से लगातार गोलाबारी होती थी। गोले की गर्जना बंद हो गई है, क्योंकि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से डर गया है। अगर पाकिस्तान गोली चलाकर कोई शरारत करता है तो हम तोप के गोले से जवाब देंगे।

श्री शाह ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए डॉ.अब्दुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, वर्ष 1990 से यह जगह आतंकवाद के खतरे से तबाह हो गई है। नेकां, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और कांग्रेस के शासन में पहाड़ी, गूजर और बकरवाल अपने अधिकारों से वंचित थे।

उन्होंने कहा कि नेकां प्रमुख युवाओं के हाथों में बंदूकें देकर उनका भविष्य बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, हम पुलिस, सेना और अन्य बलों में भर्ती के जरिए पहाड़ी, गूजर और बकरवाल के हाथों में बंदूकें देंगे ताकि वे पूरी ताकत से आतंकवाद से लड़ सकें और अपनी मातृभूमि को बचा सकें।

श्री शाह ने कहा, मैं आपको बता दूं कि अगर डॉ. फरूक अब्दुल्ला और उनके बेटे उमर अब्दुल्ला खुद को उल्टा भी कर लेंगे, तो भी हम पहाड़ी आरक्षण नहीं करेंगे। हम पहाड़ी, गुज्जर और बकरवाल को पदोन्नति में आरक्षण देंगे। अब्दुल्ला, मुफ्ती और गांधी (कांग्रेस) परिवारों पर निशाना साधते हुए गृह मंत्री ने कहा कि ये तीन परिवार 40,000 लोगों की हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, इन तीन परिवारों की वजह से ही जम्मू-कश्मीर में लंबे समय तक पंचायत, बीडीसी और डीडीसी चुनाव नहीं हुए। आज, पंचायतों, ब्लॉक और जिलों के 30,000 से अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र का आनंद ले रहे हैं। मेंढर से भाजपा उम्मीदवार मुर्तजा खान के समर्थन की अपील करते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भर्तियों की सुनामी: साय सरकार में युवाओं के दुख भरे दिन बीते, ग्रामीण आजीविका मिशन में 237 पदों पर भर्ती को दी मंजूरी

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए व्यक्तिगत रूचि लेकर विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती को मंजूरी दे रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों की भर्ती के प्रस्ताव को हरी झण्डी दी गई है। इसके तहत राष्ट्रीय आजीविका मिशन में 237 पदों पर नई भर्ती की जाएगी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में भर्ती के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसमें राज्य स्तर के कुल 09 और जिला स्तरीय 228 पद शामिल हैं। राज्य स्तरीय पदों में सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (वित्तीय प्रबंधन), सहायक राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (फाम आजीविका), प्रोग्रामर व लेखापाल के एक-एक पद एवं भृत्य के दो पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है।

जिला मिशन प्रबंधन इकाई के 228 पदों में जिला मिशन प्रबंधक के 02, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के विभिन्न 21, विकास खण्ड परियोजना प्रबंधक के 23 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय समन्वयक के 98, लेखापाल के 10 एवं लेखा सह एमआईएस सहायक के 49, कार्यालय सहायक, ऑपरेटर के 17 और भृत्य के 8 पदों पर भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इन पदों पर भर्ती होने से मिशन की योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा, जिससे ग्रामीण समुदायों को सीधा लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा हाल में ही पीएचई में इंजीनियर्स सहित 181 पदों और स्वास्थ्य विभाग में 650 पदों पर भर्ती को मंजूरी दी गई है।

## लोहारीडीह पहुंचे दोनों डिप्टी सीएम: प्रशांत साहू के परिजनों को सौंपा 10 लाख रुपये का चेक, ग्रामीणों के साथ किया भोजन

(21 सितम्बर 2024- डिप्टी सीएम)

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के दोनों डिप्टी सीएम राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा के साथ लोहारीडीह गांव पहुंचे। इस गांव में साहू परिवार के तीन सदस्यों की मौत अलग-अलग कारणों से हुई है। वही डिप्टी सीएम अरुण साव ने जेल में प्रशांत साहू के परिजनों को 10 लाख रुपये का चेक दिया। साथ ही दिवंगत आत्माओ के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

डिप्टी सीएम विजय की पहल पर लोहारीडीह गांव मे स्वास्थ्य शिविर लगाएं गए हैं। जहां सभी ग्रामीणों की स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है और दोनों डिप्टी सीएम मंत्री टंकराम वर्मा ग्रामीणों के साथ भोजन करेंगे। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि, लोहारीडीह गांव में हर चीज सरकार व्यवस्था कराएगी और ग्रामीणों को किसी प्रकार की अव्यवस्था नही होगी।

### 0 डिप्टी सीएम ने जेल में बंद लोगों से की मुलाकात

इससे पहले डिप्टी सीएम विजय शर्मा शनिवार को जिला जेल पहुंचे थी। जहां उन्होंने लोहारीडीह हत्याकांड मामले में जेल में बंद कैदियों से मुलाकात की थी। इस दौरान वे कैदियों के लिए खाने का सामान और कपड़े समेद दैनिक उपयोगी सामान लेकर पहुंचे थे। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने लोहारीडीह हत्याकांड के आरोप बंद 30 से अधिक ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। डिप्टी सीएम के साथ कलेक्टर गोपाल वर्मा, सीईओ संदीप अग्रवाल सहित कई अधिकारी कैदियों से मिलने पहुंचे।

### 0 कांग्रेस को लिया आडे हाथों

कैदियों से मुलाकात करने के बाद बिरनपुर कांड, कवर्धा झंडा विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, कांग्रेस की सरकार में बिरनपुर कांड हुआ था। कवर्धा में झंडा विवाद में मोहम्मद अकबर ने दौड़ा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आतिशी ने ली दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शनिवार को यहाँ राज निवास में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ अन्य पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आतिशी को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई। श्री सक्सेना ने उनके साथ उनके पाँच कैबिनेट मंत्रियों में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत को शपथ दिलाई गई। इनमें से चार केजरीवाल सरकार के दौरान भी मंत्री थे, जबकि मुकेश अहलावत को पहली बार कैबिनेट में शामिल किया गया है। श्री अहलावत सुल्तानपुर माजरा से आप विधायक हैं जो आरक्षित सीट है। वह 2020 में पहली बार विधायक बने थे।

उल्लेखनीय है कि कथित शराब घोटाले के आरोप में तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद श्री अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफ़ा दे दिया था। उनके इस्तीफ़े से पहले आप के विधायक दल की बैठक में कालकाजी से विधायक आतिशी को विधायक दल का नेता चुना गया था।

राज निवास में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई विधायक और भाजपा के विधायक में भी शामिल हुए।

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS - RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
वॉयरमैन 8 वीं पास 2 वर्षीय कोर्स
अशोका डिग्री कॉलेज
B.A. | B.COM | PGDCA
8319493983, 7000629783, 8602502398
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

## नेशनल लोक अदालत: छत्तीसगढ़ में 8 लाख 84 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण, 229 करोड़ रु. के अवार्ड पारित

मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा किया गया वर्चुअल निरीक्षण

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायाधिपति छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह-मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिला एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया।

मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा सभी जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों व अन्य खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारियों से संवाद व चर्चा की गई और लोक अदालत की प्रगति का जायजा लिया गया और उन्हें अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित किया गया।

मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उच्च न्यायालय बिलासपुर में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित दोनों खण्डपीठों का भी भ्रमण किया गया और लोक अदालत की कार्यवाहियों का जायजा लेते हुए अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराये जाने की बात कही गई।

मुख्य न्यायाधिपति द्वारा सभी 23 जिलों का वर्चुअल मोड से निरीक्षण जहां आधुनिक तकनीक का न्यायालयीन कार्यवाहियों में उपयोग को दर्शाता है, वहीं माननीय मुख्य न्यायाधिपति की यह पहल लोक अदालत के पीठासीन अधिकारियों, सदस्यों व पक्षकारों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ पक्षकारों में विश्वास सृजित करेगा और लोक अदालत को और विश्वसनीयता और प्रमाणिकता प्रदान करेगा।

उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में सभी जिले के प्रधान जिला न्यायाधीशों के साथ बैठक कर सतत् पर्यवेक्षण करते हुए मार्गदर्शन दिया गया था। मुख्य न्यायाधिपति के छत्तीसगढ उच्च न्यायालय में पदभार ग्रहण करने के उपरांत से छत्तीसगढ में शीघ्र सुलभ व सस्ता न्याय की अवधारणा को साकार करते हुए लोगों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय प्रदान किया जाना सुनिश्चित हो पा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में आयोजित नेशनल लोक अदालत में 8 लाख 84 हजार से अधिक मामलों का निराकरण करते हुए 229 करोड रूपये से अधिक का अवार्ड पारित किया गया। इस नेशनल लोक अदालत में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गांव को स्वच्छ रखने स्वभाव और संस्कार में लाना होगा स्वच्छता - कलेक्टर

**० कलेक्टर ने युवोदय बनकर की साफ-सफाई और ग्रामीणों को किया जागरूक**
**० गांव को स्वच्छ, सुन्दर और बीमारी मुक्त बनाएं**
**० सभी ने मिलकर की सघन साफ-सफाई**

**कलेक्टर ग्राम पंचायत बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुए शामिल**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज ग्राम पंचायत बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल युवोदय बनकर ग्रामीणों के साथ सड़क किनारे पड़े झिल्ली, प्लास्टिक व पन्नी के ढेर की सफाई की और उपस्थित ग्रामीणों को कचरे से होने वाली बीमारियों और समस्याओं के संबंध में जागरूक किया। कचरे के निपटान के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कर लोगों को गांव को स्वच्छ रखने की अपील की। कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने युवादेय की टीम के वॉलिंटियर के साथ मिलकर सघन साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक और नृत्य के माध्यम से ग्रामीणों को अपने आस-पास और गांव को स्वच्छ और सुन्दर रखने का संदेश दिया गया। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा बोतल ब्रिक्स, कबाड़ से जुगाड़ अंतर्गत फ्लावर पॉट की प्रदर्शनी, सुन्दर पेंटिंग भी की गई। बच्चों द्वारा कैसे अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तुएं निर्माण कर सकते हैं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी स्वच्छता दीदी को सुरक्षा किट प्रदान किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही हमें अपने गांव में भी साफ-सफाई रखने की जरूरत है। कलेक्टर ने कहा कि अपने स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता की भावना लाना होगा। कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करें, ताकि गांव प्लास्टिक मुक्त हो सके। यदि हमारा गांव स्वच्छ नहीं होगा तो हम और हमारे बच्चे बीमार हो सकते हैं। इसके लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके निकालना होगा और उसे स्वच्छता दीदी को देना है। उन्होंने ग्रामवासियों को गांव को स्वच्छ रखने और गंदगी से होने वाली समस्याओं और बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक की पन्नी को कही पर भी फेंक देने से वह नालियों में जाकर जाम हो जाती है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पाती है। जिसके कारण कई प्रकार के डेंगू, मलेरिया, डायरिया जैसी कई प्रकार की बीमारियां फैल सकती है। इसके लिए घर के साथ-साथ अपने आस-पास और गांव की गलियों की सफाई रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी को साथ मिलकर गांव को स्वच्छ रखने का प्रयास करने कहा। उन्होंने कहा कि गांव की गलियों में पानी नहीं जमा नहीं होना चाहिए। घर के सामने किसी प्रकार की गंदगी नहीं होनी चाहिए। घर के सामने और गलियों में गंदगी होने से कई प्रकार की बीमारियां फैलने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि सप्ताह में एक दिन सिर्फ 2 घंटे अपने आस-पास और गांव की सफाई करने से गांव को सुन्दर और बीमारी मुक्त बना सकते हैं। गांव में बहुत अच्छा वातावरण बना सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से व्यवहार में परिवर्तन लाकर सामूहिक रूप से गांव में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित कर प्रति सप्ताह साफ-सफाई करने कहा। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिससे आस-पास का वातावरण स्वच्छ और साफ-सुथरा रहे।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि कचरा को साफ करना है। गांव को बहुत सुन्दर और स्वच्छ बनाना है। स्वच्छता दीदीयों को घर से सूखा कचरा निकालकर देने कहा। उन्होंने स्वच्छता दीदीयों को निर्धारित स्वच्छता शुल्क प्रतिमाह देने कहा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने एवं सामूहिक रूप से अपने गांव व क्षेत्र को स्वच्छ रखने स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही व सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में किये गये कार्यों व उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा गायकवाड, सीईओ जनपद पंचायत तनुजा मांझी, सहायक परियोजना अधिकारी बलबीर, सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### वार्डवार मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2024 के लिए नगरपालिकाओं की वार्डवार मतदान केन्द्रों की मतदाता सूची तैयार करने हेतु रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत अपीलीय अधिकारी है। इसी तरह नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया, लाल बहादुर नगर एवं नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार राजनांदगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार गंगाधर राव व राकेश नागवंशी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार अब्दुल वसीम सिद्दीकी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार छुरिया को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगढ़ को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह यादव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार लाल बहादुर नगर को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार राजेश कुमार नेताम को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है।

### फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति

मोहला (दावा)। नगर पालिका आम निर्वाचन के लिए फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार किया जाना है। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत फोटो युक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए अनुविभागी अधिकारी राजस्व मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार तहसील अंबागढ़ चौकी व नायब तहसीलदार अंबागढ़ चौकी को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

## स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें - कलेक्टर

**० शासन के स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जनसामान्य में जागरूकता लाने की जरूरत**
**० संस्थागत प्रसव, गर्भवती पंजीयन, टीकाकरण, चिरायु, पोषण पुनर्वास, सिकल सेल, आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की गई**
**० नियमित रूप से स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर नागरिकों को मिल रहे स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य अनुरूप प्रगति नहीं आने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने संस्थागत प्रसव, गर्भवती पंजीयन, टीकाकरण, गैर संचारी रोग कार्यक्रमों, चिरायु, पोषण पुनर्वास केन्द्र, कुष्ठ, रक्त अल्पता, सिकलसेल स्क्रीनिंग, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति आमजनों में जागरूकता होनी चाहिए, इसके लिए बेहतर से बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करें। स्वास्थ्य केन्द्रों में समय पर चिकित्सक, सहयोगी स्टाफ तथा मैदानी अमले की उपस्थिति रहे। स्वास्थ्य केन्द्रों की साफ-सफाई नियमित रूप से होना चाहिए। इसका विशेष ध्यान देने के निर्देश सभी डॉक्टर, ग्रामीण चिकित्सा सहायक, पर्यवेक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को दिए गए। नियमित रूप से स्वास्थ्य कार्यक्रमों की पोर्टल में एंट्री भी सुनिश्चित करें। जिससे दी गई सेवाओं का ऑनलाइन प्रदर्शन हो सकें। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सेक्टर बैठकों में सभी अमले के द्वारा किए जा रहे कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा आगामी एक माह में सभी कार्यक्रमों में प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर सर्व संबंधितों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में राज्य, जिले, विकासखंड के औसत अनुसार प्रगति किसी भी केंद्र की कम नहीं होनी चाहिए। सभी पात्र हितग्राही का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए घर-घर जाकर कार्ड बनाया जाए और इसकी सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी के समस्त वार्डों का भ्रमण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा जनसामान्य को प्रदान करने प्रभारी को निर्देशित किया। सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोमनी को प्रदर्शन बेहतर किए जाने हेतु सभी स्टॉफ द्वारा सम्मिलित प्रयास किए जाने आवश्यक निर्देश दिये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले के सभी विकासखंड में आगामी दिवस में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। स्वाइन फ्लू की निगरानी सभी स्तर में हो इसकी विशेष निगरानी किया जाए। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला नोडल अधिकारी, जिला डाटा प्रबंधक, जिला सलाहकार, खंड चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल अधिकारी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ बन रहा है अपराधियो का गढ़- वैष्णव

**बीजेपी सरकार की कानून व्यवस्था फेल- छात्रनेत्री नेहा वैष्णव**

राजनांदगांव (दावा)। एनएसयूआई प्रदेश सचिव नेहा वैष्णव ने कहा कि प्रदेश मे जबसे भाजपा की सरकार बनी है तब से अपराध थमने के नाम नही ले रहे हैं यह बीजेपी सरकार जब से आयी है तब से लगातार अत्याचार होते आ रहे हैं चाहे वो मारपीट की बात हो या बलात्कार की बात हो इसका उदाहरण अभी हाल ही मे हुए कवर्धा कांड से देख सकते है जहां कवर्धा जिले के ग्राम लोहारडीह मे बेहद शर्मशार कर देने वाली घटना हुई है, प्रशान्त साहु नामक युवक की पुलिस द्वारा पिटाई करने से पुलिस थाने में मौत हो गई उस युवक के शरीर मे चारो तरफ़ चोट के निशान है, घटना से यह साबित होता है की पुलिस विभाग को भाजपा सरकार द्वारा दबाव दिया जा रहा है। वह स्वयं के क्षेत्र की रक्षा करने में असमर्थ रहे हैं वह पूरे प्रदेश की रक्षा कैसे करेंगे इसलिए उन्हे अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए या सरकार द्वारा उन्हें भी निलंबित किया जाए।

## रॉयल किड्स कान्वेंट के तरुण एवं दुषान अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मैच के लिए चयनित

राजनांदगांव (दावा)। उत्कृष्ट शिक्षा और खेल के लिए जाने जाने वाली प्रतिष्ठित संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्र तरुण साहू एवं दुषान ठाकुर (सीआईएससीई) राष्ट्रीय स्तर फुटबॉल प्रतियोगिता जो केरल में आयोजित हो रही है उसमें अंडर-19 एवं अंडर 14 के लिए चयनित हुए हैं। अंडर 14 में दुषान ठाकुर राष्ट्रीय स्तर पर एवं अंडर-19 में तरुण साहू राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर (दुबई) के विरुद्ध फुटबॉल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। इन विद्यार्थियों ने निरंतर आगे बढ़ते हुए कई बार विजेता बनकर शाला को गौरवान्वित किया है और सतत विजयपथ पर इनका गमन जारी है।

विदित हो कि शाला के डायरेक्टर श्रेयांश बहादुर सिंह शाला में नियमित रूप से शाम को बच्चों को निःशुल्क फुटबॉल कोचिंग करवाते हैं। बच्चों की इस उपलब्धि के पीछे श्रेयांश बहादुर सिंह का बहुत बड़ा योगदान है। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निदेशक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह बरसर, आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खण्डेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, गोपाल साहू, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा, इमरान खान, एकता जंघेल व शिक्षक शिक्षिकाओं ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई एवं आशीर्वाद दिए और कहा कि हमें अपनी शाला के छात्रों पर गर्व है जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई है हम उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## इको ब्रिक्स बनाने की बच्चों की अनोखी तरकीब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर



**इको ब्रिक्स का उपयोग क्यारी बनाने के लिए किया जा रहा**

राजनांदगांव (दावा)। इको ब्रिक्स बनाने की बच्चों की अनोखी तरकीब पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर सिद्ध हो रही है। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्कूलों के बच्चे इको ब्रिक्स या कहे बॉटल ब्रिक्स बना रहे हैं। जिसमें पानी बॉटल, कोल्ड ड्रिंक की प्लास्टिक बॉटल में झिल्ली, पन्नी, मिक्चर एवं बिस्कुट के रैपर को बोटल में भर देते हैं। यह एक अच्छी अवधारण है, जिसमें आस-पास के प्लास्टिक झिल्ली एक ही जगह पर एकत्रित हो जाता है। जिससे पर्यावरण संरक्षित होता है और इन इको ब्रिक्स का उपयोग क्यारी बनाने के लिए किया जाता है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के लिए लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। जिला पंचायत की टीम एवं सभी विभागों तथा सामुदायिक सहभागिता से स्वच्छता के लिए बेहतरीन कार्य किए जा रहे हैं। स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए इन इको ब्रिक्स का उपयोग ग्राम बघेरा में क्यारी बनाने के लिए किया जा रहा है। इसी तरह सभी जिलों में इन इको ब्रिक्स को उपयोग किया जायेगा। बॉटल ब्रिक्स बनाने में जिले के बच्चों ने विशेष अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई है।

**निःशुल्क भर्ती**
अतिशीघ्र आवश्यकता है सुरक्षा गार्ड 20 पद।
होटल, कालोनी, फैक्ट्री, गोडाउन, स्कूल के लिए।
आधार कार्ड, अंकसूची, फोटो लेकर संपर्क करें।
9691400690
7000060977

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में

समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
पारिवारिक गीत, संगीत मय फिल्म
तोर मया म सजनी
छत्तीसगढ़ी भाषा में
मौरिया फिल्मस प्राडक्शन प्रस्तुत
कलाकार -परम टुन्ड्रा, बिन्दू आदि।
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
22nd SEP to 26th SEP 2024
silver SCREEN

Ardaas Sarbat De Bhale Di (Punjabi) - 06:15 and 09:15 pm
Yudhra - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Transformers One - 12:30 and 03:30 pm
Kahan Shuru Kahan Khatam - 12:15 pm
Stree 2 - 03:15, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

## लीनेस क्लब के एरिया आफिसर व डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के अधिकारिक यात्रा पर निर्धन महिला को सिलाई मशीन

**होटल राज इंपीरियल में लीनेस महिलाओं का एरिया कांफ्रेंस आयोजित**

राजनांदगांव (दावा)। आल इंडिया लीनेस क्लब के एरिया आफिसर व डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट के शहर आगमन पर होटल राज इंपीरियल में लीनेस एरिया कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ली. दीपा घई, ली. रश्मि अग्रवाल, ली. नूतन गंधोक, ली. सोनाली ओस्तवाल, ली. सरोज कोटड़िया, ली. बरखा बाफना वह एरिया आफिसर माला शुक्ला सहित पूर्व मल्टीपल एडवाइजर वह मल्टीपल सचिव ली. शारदा तिवारी ने शहर की एक निर्धन महिला को उनके जीवन निर्वाह के लिए सिलाई मशीन प्रदत्त किया गया।

सेवाभावी महिलाओं की संस्था लीनेस क्लब द्वारा लखोली बैगापारा निवासी उक्त गरीब महिला को सिलाई मशीन मिलने पर उन्होंने काफी खुशी महसूस की। इस अवसर पर एरिया कांफ्रेंस में उपस्थित लीनेस महिलाओं को संबोधित करते हुए अपने आधिकारिक यात्रा में सतना (मैहर) से संस्कारधानी नगरी पधारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसीडेंट ली. दीपा घई ने कहा कि लीनेस क्लब का उद्देश्य कश्मीर से कन्याकुमारी तक पीड़ित मानवता की सेवा करना है और यह कार्य स्वयं के खर्च द्वारा पीड़ित लोगों के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि लीनेश महिलाओं द्वारा रक्त शिविर, नेत्र शिविर, नशा बंदी, बच्चों के विकास कार्य आदि के अलावा निर्धन कन्या विवाह में योगदान, जरुरतमंदो को भोजन व पर्यावरण संबंधी कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि जहां भरोसा है जहां पीड़ित मानवता की सेवा है, वहां लीनेस है। जहां पर्यावरण है जहां जागरुकता है, वहां लीनेस है। इस अवसर पर अवार्ड वितरण व लक्की ड्रा का कार्यक्रम भी किया गया। जिसमे पूर्व मल्टीपल संरक्षक ली. रत्ना जी, पूर्व मल्टीपल प्रेसीडेंट ली. मृदुला रोजदार, ली. अंजू कटारे, ताहिरा अली, ली. सचिव शोभा चौरसिया, ली. साधना तिवारी, ली. शोभा चोपड़ा, ली. मीनू जैन, मोना गोसाई, अमिता जैन, आशा गुप्ता, कंचन चौबे, सुषमा गुप्ता, रीटा पुजारा, टीना खंडेलवाल सोनाली जी सहित लीनेस महिलाएं उपस्थित थे। उपस्थितों का आभार प्रदर्शन लीनेस एरिया सचिव बरखा बाफना ने किया। उक्ताशय की जानकारी ली. बरखा द्वारा दी गई।

## राज्य स्तरीय कुराश में प्रेयश प्रथम

राजनांदगांव (दावा)। बलौदाबाजार जिले में दिनांक 17 सितंबर से 20 सितंबर तक आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा तथा बस्तर संभाग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें गायत्री इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 12 का छात्र प्रेयश नेमपाण्डे ने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए 17-19वर्ष और वजन 81 किलो कैटेगरी में खेलते हुए सरगुजा जोन के खिलाड़ी को हराकर फाईनल मैच में अपनी जगह बनाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए नेशनल खेल में अपनी जगह बनाई। प्रेयश प्रधानपाठक बंदिश नेमपाण्डे के बड़े सुपुत्र हैं।

**शुभांक**
अनुमानित
बी. के.
380-1 699-4
चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़ जिला-खैरागढ़ छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवेदिका मोनिका सिंघानिया पति आयुष सिंघानिया निवासी सिंघानिया भवन सुभाष मार्ग गंजपारा तेलघानी नाका रेल्वे स्टेशन के समीप वार्ड नं. 33 रायपुर के द्वारा ग्राम पांडुका प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. जालबांधा तहसील खैरागढ़ स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 700/1, 689/1 रकबा क्रमशः 0.5260हे., 0.0760हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण में आगामी सुनवाई दिनांक 07.10.2024 को नियत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी को दावा-आपत्ति पेश करना हो वह नियत दिनांक के पूर्व स्वयं/अपने अधिवक्ता/अपने द्वारा नियुक्त व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 19/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) खैरागढ़**

# पुलिस के हत्थे चढ़े पांच अंतराज्यीय मवेशी तस्कर

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना व साइबर पुलिस की कार्रवाई के चलते पांच अंतर्राज्यीय मवेशी तस्कर सपड़ा में आया है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया गया है। पुलिस ने इन आरोपियों के कब्जे से एक आइसर ट्रक सहित एक कार व 35 नगर मवेशी के अलावा 5 नगर मोबाइल जब्त की है। जप्त किए गए ट्रक, कार, मवेशी सहित मोबाईल का जुमला किमती 31 लाख बताया जाता है। साथ ही कहा गया है कि आरोपियों से जप्त वाहन पृथक से राजसात की कार्यवाही भी करायी जावेगी। वहीं आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश में शनिवार 21 सितंबर की रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि दुर्ग, भिलाई व रायपुर की ओर से आयशर ट्रक क्रमांक एमएच-40/डी 4753 में अवैध रूप से मवेशी (गौवंश) को भरकर नागपुर ले जा रहे है, उक्त ट्रक के आगे-आगे एक सुजुकी कंपनी की फ्रांग्स कार क्र. एमएच-31/एफएक्स 4438 रास्ता क्लीयर करते हुए आ रहा है।

**आयशर ट्रक एवं कार तथा 35 मवेशियों सहित 5 मोबाईल जप्त**

इस सूचना पर तत्काल थाना कोतवाली एवं सायबर सेल का संयुक्त टीम गठित कर बिना देरी किये सीआईटी बायपास के पास पहुंचकर नाकेबंदी किया गया। इस दौरान रात्रि करीबन 3 बजे दुर्ग भिलाई की ओर से उक्त ट्रक एवं ट्रक के आगे एक कार आते दिखाई दिया, जिसे घेराबंदी कर पकड लिया गया। ट्रक को चेक करने पर ट्रक के अंदर 09 नग लाल रंग का बछड़ा, 06 नग लाल रंग की गाय, 06 नग सफेद रंग का गाय, 02 नग सफेद रंग का बछिया, 04 नग काले रंग का बछड़ा, 01 नग सफेद रंग का बैल, 04 नग लाल रंग का बछिया, 03 नग सफेद रंग का बछड़ा कुल 35 नग गौवंश (मवेशियो) को ट्रक के अंदर बिना चारा पानी प्रर्याप्त हवा के त्रिपाल से ढंककर ठूस-ठूस कर क्रूरतापूर्वक भरे थे। ट्रक एवं कार में सवार व्यक्तियों का नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम व पता मोहम्मद शफाकत पिता मोहम्मद शफीक उम्र 43 वर्ष निवासी जूनी खलासी लाईन कामठी नागपुर, राकेश सुधाकर सेंगोले पिता सुधाकर सेंगोले उम्र 43 वर्ष निवासी चाक्स कॉलोनी कामठी रोड़ थाना जरी पटका नागपुर, राजू पाल पिता मदन पाल उम्र 45 वर्ष निवासी यशोधरा नगर लाल झण्डा चौक हनुमान मंदिर के पास थाना यशोधरा नगर नागपुर तथा इन्द्रजीत डहरिया पिता राम सागर डहरिया उम्र 23 वर्ष निवासी उमदा रोड़ पथर्रा (दादर) थाना भिलाई- 3 सहित शैलेन्द्र भारती पिता चरण दास भारती उम्र 25 वर्ष निवासी उमदा रोड़ पथर्रा (दादर) थाना भिलाई-3 बताया गया। आरोपियों से पूछताछ किए जाने पर कुम्हारी दुर्ग से आयशर ट्रक में लोड गौवंश (मवेशियों) को महाराष्ट्र राज्य ले जाना स्वीकार किया।

मवेशियों को ट्रक में परिवहन करने संबंधी कोई वैधानिक दस्तावेज नहीं रखे थे। आरोपियों के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से 35 नग गौवंश (मवेशी) कीमत 3.50 लाख रूपये, आयशर ट्रक क्रमांक एमएच-40/4753 कीमत 18 लाख रूपये, फ्रांग्स कार कीमत 9 लाख रूपये एवं 05 नग स्क्रीन टच मोबाईल 50 हजार रूपये जुमला कीमत 31 लाख रूपये आरोपियों के कब्जे से जप्त कर सभी आरोपियों विधिवत गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों का कृत्य पशु क्रूरता अधिनियम के तहत होना पाये जाने से अपराध क्रमांक 611/24 धारा 4, 6, 10, 11 छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया। बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपियो के खिलाफ विभिन्न अपराध दर्ज है। फिलहाल वे सभी हवालात के हवा खा रहे हैं।

## जो कहा, वो किया - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को दी मंजूरी- नीलू शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को मंजूरी देने के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और देशहित में किए गए संकल्प का प्रतीक है। यह न केवल देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाएगा, बल्कि समय और संसाधनों की बचत कर विकास कार्यों को गति देने में सहायक होगा।

श्री शर्मा ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा से देश में राजनीतिक स्थिरता आएगी और बार-बार चुनाव होने से होने वाले खर्च और संसाधनों की बर्बादी से बचा जा सकेगा। यह फैसला जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा और लोकतंत्र को नई दिशा देगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि भाजपा ने जो वादा किया था, वह अब पूरा हो रहा है। यह फैसला भारत के संघीय ढांचे को और मजबूत करेगा और विकास के कार्यों को अधिक प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने में सहायक होगा।

## विजय शर्मा के गृहमंत्री रहते पुलिस पूरे प्रदेश में साहू समाज को कर रही टारगेट - भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने पुलिस के खिलाफ कड़क बयान दिया है। उन्होंने प्रदेश के गृहमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री तथा राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके राज में पूरे प्रदेश में साहू समाज के लोगों पर अत्याचार की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। साहू समाज पर निशाना साधकर बर्बरता पूर्वक कार्यवाही करने का आरोप लगाते हुए श्री साहू ने आगे बताया कि इस तरह प्रदेश के सबसे ज्यादा आबादी वाले समाज पर अत्याचार के खिलाफ पूरे प्रदेश भर के साहू समाज में आक्रोश व्याप्त है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री साहू ने आगे बताया कि सत्ता पार्टी के भाजपा के दबाव में आकर पुलिस जो अत्याचार कर रही है, वह निंदनीय है। ऐसी स्थिति में विजय शर्मा को नैतिकता के नाते अपने सभी पदों से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**पुलिस बर्बरता से बौखलाया साहू समाज, आज निंदा पारित करेगी**

उन्होंने इसके अनेक उदाहरण दिए हैं ताजा घटनाक्रम कबीरधाम जिले के लोहारीडीह गांव का देते हुए कहा कि वहां पुलिस बर्बरता की जो तस्वीर और कहानी सोशल मीडिया पर वायरल हुई है, वह रूह कांप देने वाली है। श्री साहू ने समाज के लोगों पर आए दिन हो रहे किसी न किसी बहाने अत्याचार के खिलाफ आंदोलन के रूपरेखा बन रहे होने की जानकारी दी है। उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर राजनांदगांव जिला साहू संघ भी आंदोलन के लिए कमर कसकर तैयार खड़ा है।

जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि कल 22 सितंबर रविवार को साहू सदन में आयोजित जिला साहू संघ तहसील साहू संघ परीक्षेत्रीय साहू समाज और विभिन्न प्रकाष्ठों की संयुक्त बैठक में सर्वप्रथम मां कर्मा एवं भगवान जगन्नाथ की विधिवत पूजा आरती करके कबीरधाम जिले में पुलिस बर्बरता से प्रशांत साहू को श्रद्धांजलि दी जाएगी और इसी के साथ निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश साहू संघ का इशारा मिलते ही शांतिपूर्ण आंदोलन और जरूरत पड़ी तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा।

**भूपेश बघेल ने बंद को बताया सफल**

## बोले- मृतकों के परिवारों को 50 लाख का मुआवजा दे सरकार

रायपुर (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रेस कांफ्रेंस ली। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ बंद को सफल बताया और बोले कि, राज्य सरकार को कांग्रेस के दबाव में कार्रवाई करनी पड़ी।

इस घटना में गिरफ्तार सभी बंदियों का मेडिकल जांच होना चाहिए। इसके अलावा घटना की न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि, एसडीएम अपने उच्च अफसरों की जांच कैसे करेगा।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान भूपेश बघेल ने कहा कि, प्रशांत साहू का बेटा अनाथ हो गया। कचरू की पांच बेटियां हैं। कई बच्चे हैं जिनके माता-पिता जेल में हैं। सरकार को उनकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। मृतकों के परिवारों को पचास लाख रुपए मुआवजा मिलना चाहिए। सरकार निर्दोष लोगों को छोड़ दे, गांव में भय का माहौल है।

**पीसीसी चीफ ने भी बंद को बताया सफल**

वहीं इससे पहले पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस के आह्वान पर बंद को पूरी तरह सफल बताया। बंद में सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश नजर आया। तीनों हत्याओं को लेकर लोगों की नाराजगी बंद में सामने आई। पुलिस कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में विफल हो गई। कम समय में कांग्रेस ने बंद का आह्वान किया यह सफल रहा।

## मिडिल स्कूल बघेरा में बॉटल ब्रिक्स बनाकर मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

राजनांदगांव (दावा)। शासन की योजना अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता त्योहार, स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शा. पूर्व माध्यमिक शाला बघेरा में स्कूली छात्रों द्वारा बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया गया एवं इसकी सहायता से 4 आर सिद्धांत, भारत का नक्शा एवं चश्मा बनाकर स्वच्छ भारत का संदेश दिया गया। बोतल ब्रिक्स का निर्माण पर्यावरण को सुरक्षित रखने सिंगल यूज प्लास्टिक एवं सिंगल यूज पॉलिथीन का पुनर्चक्रण करने का संदेश दिया गया। मिडिल स्कूल बघेरा में छात्रों की संख्या 152 है एवं 152 बॉटल ब्रिक्स ही सचिव एवं सरपंच ग्राम पंचायत बघेरा को सौंपा गया। इस तरह से मिडिल स्कूल बघेरा द्वारा शत प्रतिशत बॉटल ब्रिक्स का निर्माण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बघेरा के सरपंच हरीश देशमुख हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष दुर्जन लाल देवांगन, सचिव मोहन साहू, संकुल प्राचार्य श्रीमती वायलेट सैमुएल, संकुल समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी, शाला के शिक्षक गणों में श्रीमती मधुलिका विश्वकर्मा, प्रीति शर्मा, कु. सुनीता ठाकुर, संजीव जांगड़े, प्रधानपाठक तुकादास मंडले, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## स्वच्छता मैराथन-विद्यार्थियों ने रैली निकाल एवं दौड़कर स्वच्छता अपनाने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के लिए स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आज स्कूली बच्चों ने स्वच्छता मैराथन के तहत् रैली निकालकर एवं दौड़कर स्वच्छता अपनाने नारे लगाये तथा अपने परिवार एवं आस-पास के लोगों को स्वच्छता से जोड़ने शपथ लिए। इसी कड़ी में निगमसीमा क्षेत्र के सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों में सफाई अभियान चलाया गया।

**अपने शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने विद्यार्थियों ने ली शपथ**

बच्चों से लेकर बड़ों तक स्वच्छता का अलख जगाने अपने स्वभाव एवं संस्कार में स्वच्छता लाने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् विभिन्न अभियान चलाये जा रहे है। अभियान में स्वच्छता से बच्चों को जोड़ने उनके बीच स्वच्छता संबंधी विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। वही आज पदुमलाल पुनालाल बख्शी आत्मानंद शाला के विद्यार्थियों ने स्वच्छता मैराथन के लिए दौड़ में भाग लिया और रैली निकालकर स्वच्छता के नारें लगा आमजनों को स्वच्छता से जुड़ने अपील किए। रैली को स्वच्छता के नोडल अधिकारी यू.के.रामटेके ने हरी झण्डी दिखाई, रैली बख्शी स्कूल से निकलकर गौरवपथ होकर ऑडिटोरियम में समाप्त हुई, जहाँ निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने स्वच्छता की शपथ दिलाई।

स्वच्छता मैराथन उपरांत आयुक्त श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, विद्यार्थी देश का भविष्य है, पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों से भी विद्यार्थियों को जुड़ना है। उन्होंने कहा कि, शासन द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता से जोड़ने विभिन्न गतिविधियाँ संचालित करने निर्देश दिए है। आज आप लोगों को रैली से जोड़ने का प्रमुख उद्देश्य स्वच्छता से परिवार एवं आस-पास के लोगों को जोड़ना तथा जैसे हम अपने घर को साफ-सुथरा रखते है, वैसे ही घर के आस-पास व शहर को साफ-सुथरा रखना है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि, हम स्वच्छता के प्रति सजग रहेगे, हर वर्ष 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाड़ी में ही डालेगे। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे।

आज स्वच्छता अभियान के तहत निगम सीमा क्षेत्र के सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई। आज की गतिविधियों में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, महापौर परिषद् के सचिव संजीव मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा सहित अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## नगर निगम सामान्य सभा की तैयारी

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम में सामान्य सभा की बैठक इसी माह होने जा रही है। इसके लिए तैयारी भी शुरू हो गई है। सूत्रों की माने तो संभवतः 30 सितम्बर को बैठक बुलाई जा सकती है। बता दे कि वर्तमान परिषद के कार्यकाल में अब मात्र सवा तीन माह का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में आगामी दिनों होने वाली सामान्य सभा अंतिम सामान्य सभा हो सकती है। जानने में आ रहा है कि सामान्य सभा की बैठक के लिए पांच प्रेषित किए गए है। जिसमें शहर के चौराहों का नामकरण के अलावा सामाजिक सुरक्षा योजना आदि शामिल है। हालांकि बैठक की तिथि फायनल नहीं हुई है, लेकिन इसी साल होने वाले नगरी निकाय की चुनाव को देखते हुए कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों की सरगर्मी बढ़ गई है और वे अपना तैयारियां शुरू कर दी है। बता दें कि वे आगामी दिनों होने वाले निगम की सामान्य सभा में अपने वार्डों की समस्याओं का निराकरण के लिए आवाज उठा सकते है। बहरहाल नगर निगम में सामान्य सभा की तैयारी जारी है।

## हमारा मकान, हमारा स्वाभिमान...

राजनांदगांव (दावा)। समाज एवं परिवेश में परिवर्तन जैसे जीवन में परिवर्तन का आगाज। ऐसी एक बदलाव, जागरूकता, सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं स्वाभिमान की मिसाल प्रधानमंत्री आवास योजना है, जिसने सफलता की नई ईबारत लिखी है। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के आवास के सपने को पूरा करने की एक उम्मीद है। प्रधानमंत्री आवास योजना से न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि महिलाओं को स्वाभिमान से जीने के लिए एक आधार दे रही है। इसकी ऐसी ही बानगी राजनांदगांव जिले में दिखाई दी। कौरिनभाठा वार्ड नंबर 45 की निवासी श्रीमती हेमिन बाई को प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत पक्का आवास प्राप्त हुआ है।

**० हेमिन बाई को मिला प्रधानमंत्री आवास योजना से स्वाभिमान से जीने का आधार**
**० पक्का मकान मिलने पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को कहा शुक्रिया**

श्रीमती हेमिन बाई ने बताया कि उनके पति की मृत्यु के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई और बच्चों को पढ़ाने-लिखाने की जिम्मेदारी भी है। पहले कच्चे घर में बहुत दिक्कत होती थी। खपरा लगाने एवं मरम्मत में भी व्यय होता था और बारिश में पानी टपकने से भी परेशानी होती थी। बारिश के दिन में इस कारण बच्चों का स्वास्थ्य खराब रहता था और पढ़ाई-लिखाई पर भी असर पड़ता था। यह पक्का मकान उनके लिए बहुत मायने रखता है। अब जब से पक्का मकान बना है, तो बहुत सुविधा और राहत मिल गई है और हम लोग खुशी के माहौल में सुरक्षित अपने घर में रह रहे हैं। उन्होंने आवास मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुक्रिया कहा। श्रीमती हेमिन बाई ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही राशन कार्ड के माध्यम से चावल प्राप्त हो रहा है। वे महतारी वंदन योजना का लाभ भी ले रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की लोककल्याणकारी योजना से उन्हें बहुत लाभ एवं संबल मिला है।

## सड़क हादसा : बोलेरो और मोटरसाइकिल में भिडंत, युवक की मौके पर मौत

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ के मोहला में बोलेरो और मोटरसाइकिल में भिडंत हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पुलिस मौजूद है और मामले की जांच कर रही है। वहीं लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के हाईवे हो या ग्रामीण सड़क लगातार युवाओं के अल्प समय में बेमौत मारे जाने की खबरें अब आम हो गई हैं। बढ़ते मौतों के ग्राफ के बीच आज संध्या 6:30 बजे के लगभग राजनांदगांव चंद्रपुर हाईवे के बिहरीकला के समीप मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 सीडी 6971 मे सवार युवक अंबागढ़ चौकी की ओर जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से मोहला की ओर बोलेरो वाहन सीजी 08 एपी 6466 आगे बढ़ रहा था।

बताया जाता है कि, बोलेरो वाहन और मोटरसाइकिल दोनों वाहन अति तेज रफ्तार में था, इसी बीच आमने-सामने की भिड़ंत हो गई जिसमें मोटरसाइकिल युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में मृत युवक कि पहचान सुखदेव पुरामे ग्राम हिड़कोटोला (मार्री) निवासी के रूप में की गई है। घटना की खबर लगते हैं तत्काल यातायात निरीक्षक शेष नारायण देवांगन मौके पर पहुंचकर हाईवे क्लियर कराया।

मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार युवाओं की सड़क हादसे में मौत की खबरें आते रहती है। किसी हादसे में एक तो किसी हादसे में दो कभी एक साथ तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों की मौत की खबर से परिवार गांव सहित वनांचल सहम जाता है, यह सिलसिला बदस्तूर जारी है।

सड़क हादसों को लेकर बताया गया कि, अंबागढ़ चौकी, मोहला, मानपुर विकास खंडों के भीतर एक्सीडेंट में मौत हो जाने के अधिकतर मामले शराब के नशे में चूर होकर वाहन चलाने से हो रही है। जिसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक कदम उठाने की जरूरत है।

बीते दिन प्रेस प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान जिले के भीतर लगातार सड़क हादसों में हो रही मौतो को लेकर पुलिस कप्तान वाईपी सिंह ने चिंता जाहिर की है पर हादसों को रोकने नींद से जागते हुए थाना प्रभारियों को कदम उठाने की जरूरत है।

## श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विश्व हृदय दिवस पर निःशुल्क परामर्श सुविधाओं में विशेष छूट

रायपुर (दावा)। प्रतिवर्ष विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को हृदय से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। आज, दिल की बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन सही जानकारी और जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करके हम इसे नियंत्रित कर सकते हैं। श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, सदैव आपके स्वास्थ्य को लेकर तत्पर है, विश्व हृदय दिवस पर हम आपके हृदय स्वास्थ्य के लिए ले कर आये है निःशुल्क परामर्श एवं इससे जुड़ी सुविधाओं में विशेष छूट, जो आपको अपने हृदय के स्वास्थ्य को बनाये रखने में एक अनूठा कदम है। यह सुविधा दिनांक 23 से 27 सितम्बर, समय सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कौशल्या (कमल) विहार रायपुर में उपलब्ध रहेगी। जिसमें हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग सलाहकार - डॉ. कमल कांत आदिले एवं वरिष्ठ हृदय रोग सर्जन - डॉ. चंदेल आपके परामर्श सेवा में उपलब्ध रहेंगे। अधिक जानकारी एवं परामर्श पंजीयन के लिए आप संपर्क 0771-3103333, 7880081828 पर सम्पर्क सकते है।

## हाईकोर्ट ने मांगा हलफनामा और पूछा- नियम नहीं फिर भी कितने लेक्चररों को बना दिया बीईओ

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए डीपीआई से पूछा है कि, नियम के खिलाफ कितने लेक्चररों को बीईओ के पद पर पदस्थापना दे दी है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि, राज्य में ऐसे कितने प्राचार्य और एबीईओ हैं, जिन्हें बीईओ के रूप में पदस्थापना दी जा सकती है। यह पूरी जानकारी डीपीआइ को शपथ पत्र जे साथ कोर्ट के समक्ष पेश करनी होगी।

कबीरधाम जिले के निवासी दयाल सिंह ने वर्ष 2022 में हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया था कि वे व्याख्याता हैं। उनसे जूनियर संजय कुमार जायसवाल को प्रभारी विकासखंड शिक्षाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस संबंध में उन्होंने शिक्षा विभाग में आवेदन दिया था। लेकिन, उनके आवेदन पर विभागीय अधिकारियों ने विचार नहीं किया है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने दिसंबर 2022 में शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता के आवेदन पर चार सप्ताह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश जारी किए थे। कोर्ट ने इस आदेश के साथ याचिका को निराकृत कर दिया था।

### आदेश के बाद भी अभ्यावेदन का निराकरण नहीं हुआ

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी जब अभ्यावेदन का निराकरण नहीं हुआ तब याचिकाकर्ता ने न्यायालयीन आदेश की अवहेलना का आरोप लगाते हुए अवमानना याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई जस्टिस एनके व्यास की बेंच में हुई। हाई कोर्ट ने व्याख्याता ई-संवर्ग याचिकाकर्ता से जूनियर एलबी संवर्ग के व्याख्याता को विकास खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त करने के सम्बंध पूछा कि, आखिर जूनियर को किस नियम के तहत पदस्थापना दी गई है। संचालक लोक शिक्षण संचालनालय को शपथ पत्र के साथ जानकारी देने को कहा है कि कितने व्याख्याताओं को बीईओ का काम सौंपा गया है, जबकि भर्ती नियमों के अनुसार उन्हें बीईओ नियुक्त नहीं किया जा सकता है।

### कोर्ट ने पूछा- राज्य में कितने प्राचार्य

हाईकोर्ट के सिंगल बेंच ने पूछा है कि राज्य में कुल कितने प्राचार्य और सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हैं। जिन्हें विकास खंड शिक्षाधिकारी बनाया जा सकता है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने यह भी कहा है कि, शिक्षा देने का काम कर रहे व्याख्याताओं की श्रमशक्ति का उपयोग राज्य की शिक्षा की स्थिति बेहतर करने में क्यों नहीं की जा रही है। अवमानना याचिका की अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने 30 सितंबर की तिथि तय कर दी गई है।

## अनमोल दावा

**"आलसी व्यक्ति को आसान से आसान काम भी कठिन लगता है आलस्य ही मानव जीवन की प्रगति में बाधक है।**

## मजबूत होती भारत-अमेरिका मैत्री, देश के उत्थान के लिए ये दोस्ती जरूरी

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अनुमान लगाया है कि 2030 तक यह व्यापार तीन गुना बढ़ सकता है। अन्य वाणिज्यिक साझेदारों के मुकाबले अमेरिका के साथ भारत को व्यापार अधिशेष होने की भी संतुष्टि है। भारत की राष्ट्रीय आय का करीब 50 प्रतिशत व्यापार से आता है और इसीलिए अमेरिका से भारत की आर्थिक उन्नति का सीधा संबंध है।

वर्ष 2014 से अब तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आठ बार केवल एक देश की यात्रा की है और वह है अमेरिका। अमेरिका को प्राथमिकता के पीछे मोदी का सोच यह है कि उससे भारत के उत्थान हेतु जितने लाभ प्राप्त होते हैं, उतने अन्य कहीं से प्राप्त नहीं होते। भारत के मुख्य लक्ष्य हैं-आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति, सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी और भूराजनीतिक संतुलन। इन सबकी पूर्ति में अमेरिका की अहम भूमिका है। व्यापार में आज अमेरिका भारत का सबसे बड़ा साझेदार है। दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का सालाना कारोबार लगभग 200 अरब डालर का है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अनुमान लगाया है कि 2030 तक यह व्यापार तीन गुना बढ़ सकता है। अन्य वाणिज्यिक साझेदारों के मुकाबले अमेरिका के साथ भारत को व्यापार अधिशेष होने की भी संतुष्टि है। भारत की राष्ट्रीय आय का करीब 50 प्रतिशत व्यापार से आता है और इसीलिए अमेरिका से भारत की आर्थिक उन्नति का सीधा संबंध है। आगामी दशकों में भारत को विशाल अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अमेरिका के साथ व्यापार और विदेशी निवेश निर्णायक होंगे।

हालांकि भारत में विदेशी निवेश के मोर्चे पर सिंगापुर और मारीशस को प्रथम एवं द्वितीय स्थान दिया जाता है, लेकिन वास्तव में तीसरे स्थान पर विराजमान अमेरिका ही हमारे देश में ठोस विदेशी पूंजी लेकर आता है। अमेरिकी निवेश से भारत में केवल सेवाओं को ही फायदा नहीं हुआ है, बल्कि औद्योगीकरण में भी उसकी अहम भूमिका है। मोटर वाहन, रसायन, इलेक्ट्रानिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा जैसे विभिन्न विनिर्माण क्षेत्रों में अमेरिकी निवेशक भारत में सक्रिय हैं। उनके द्वारा लाखों भारतीयों को रोजगार मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने स्वयं के बारे में कहा है कि गुजराती होने के नाते व्यापर मेरे खून में है, भलीभांति जानते हैं कि अमेरिका जैसे संपन्न देश में बसे पूंजीपतियों को आकर्षित करके भारत लाने में ही राष्ट्र का हित है। अपने हर अमेरिकी दौरे में वह वहां के व्यापार जगत के दिग्गजों संग मिलते-जुलते हैं और उन्हें भारत में निवेश को प्रेरित करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और जैव प्रौद्योगिकी यानी बायोटेक जैसे अत्याधुनिक व्यवसायों में महारत हासिल करने वाले देश वैश्विक शक्ति समीकरण में ऊंचे स्थान पर रहेंगे। ऐसी उभरती हुई तकनीकी के मामले में भी अमेरिका शीर्ष पर है। इसी को देखते हुए मोदी सरकार ने अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी पहल (आइसेट) के अंतर्गत अनेक तकनीकों के सहविकास और सहनिर्माण पर जोर दिया है। ऐसी तकनीक के दोहरे उपयोग होते हैं और उनसे सैन्य आधुनिकीकरण भी होता है। यह उल्लेखनीय है कि तकनीकों के सहनिर्माण का उपक्रम दोनों पक्षों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है।

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अमेरिका ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी चीन को संवेदनशील प्रौद्योगिकी देना रोक दिया है, जबकि ऐसी प्रौद्योगिकी को वह भारत के साथ साझा करने को तत्पर है। इस दोहरी रणनीति का कारण अमेरिका की यह चिंता है कि चीन आर्थिक और सैन्य ताकत में उससे आगे निकल जाएगा और पश्चिमी उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को नष्ट कर देगा। भारत लोकतंत्र होने केनाते और शक्ति में चीन से अपेक्षाकृत कमतर होने के कारण अमेरिका के अभिजात्य वर्ग और आम जनता को खतरा नहीं लगता। इसीलिए अमेरिका भारत पर अंतरराष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं और नियमों जैसी बाधाओं को दूर करने में सहायक रहा है। अमेरिका-चीन संबंधों में कटुता ने अमेरिका-भारत सामरिक साझेदारी को नया आयाम दिया है। अमेरिका अपतटीय संतुलन (आफशोर बैलेंसिंग) रणनीति के तहत भारत और अन्य मैत्रीपूर्ण देशों को समृद्ध और सशक्त करके चीन पर अंकुश लगाने की मंशा रखता है। वामपंथी और गुटनिरपेक्षता को लेकर आग्रही विश्लेषकों ने इसे लेकर यही चेतावनी दी है कि भारत को अमेरिका के रचे हुए खेल में प्यादा बनकर चीन से दुश्मनी नहीं मोल लेनी चाहिए, पर मोदी सरकार ने इस दृष्टिकोण को तवज्जो नहीं दी है, क्योंकि चीन आए दिन आक्रामकता दिखाता रहता है। उससे हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रत्यक्ष खतरा है। वर्तमान स्थितियों में भारत के लिए एशिया पर हावी होने के लिए प्रयासरत चीन और अपनी क्षमताओं को मजबूत करते अमेरिका के बीच तटस्थ रहने का सवाल ही नहीं पैदा होता। इसमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि चीन भारत का सामरिक प्रतिस्पर्धी है, जबकि अमेरिका भारत का सामरिक साझेदार है। मोदी सरकार की विदेश नीति ने चीन और अमेरिका के मामले में दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया है, लेकिन इस विषय पर भारत में स्पष्टता नहीं बन पाई है।

# तिरुपति के लड्डू प्रसाद में जानवरों की चर्बी, कांग्रेस ने की सीबीआई जांच की मांग

आंध्र प्रदेश के मशहूर तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलने वाले लड्डू को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है.दावा किया जा रहा है कि प्रसाद के लड्डू में जानवरों की चर्बी मिली हुई है. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी गुरुवार को कहा, पिछली सरकार के दौरान तिरुमला लड्डू को बनाने में शुद्ध घी की बजाय जानवरों की चर्बी वाला घी इस्तेमाल किया जाता था.

जगन मोहन रेड्डी की पार्टी ने नायडू की टिप्पणी पर विरोध जताया है और इन आरोपों को ख़ारिज किया है. इस मामले पर बीजेपी समेत कई राजनीतिक दल अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं.सत्ताधारी तेलुगू देशम पार्टी यानी टीडीपी जिस रिपोर्ट के हवाले से ये दावा कर रही है, बीबीसी उस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं करता है.केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से बात की है. उन्होंने कहा, मैंने चंद्रबाबू नायडू से बात की है. मैंने उनसे कहा है कि वो मुझे जो भी उपलब्ध जानकारी है उसकी रिपोर्ट भेज दें. मैं स्टेट रेगुलेटरों से भी बात करुंगा. जिस सोर्स से रिपोर्ट आई है उनसे भी बात करुंगा. सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक उचित कार्रवाई की जाएगी.उधर आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शर्मिला रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर इस सारे मामले की जांच सीबीआई से करवाने का आग्रह किया है.उन्होंने लिखा है, मामले की गंभीरता को देखते हुए हम आपसे तुरंत सीबीआई जांच करवाने का निवेदन करते हैं. अगर आरोप सही पाए जाते हैं तो ज़िम्मेदार लोगों को कानूनी परिणाम भुगतने चाहिए.आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में हर साल लाखों श्रद्धालु जाते हैं. मंदिर जाने वाले लोगों को प्रसाद में लड्डू दिया जाता है.टीडीपी ने गुजरात के नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के हवाले से बताया है कि लड्डू में जानवरों की चर्बी होने की पुष्टि हुई है.बीबीसी ने एनडीडीबी से संपर्क किया है. बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि उन्हें मिले सैंपल गोपनीय होते हैं और उनपर किसी स्थान या व्यक्ति का नाम नहीं होता.इस अधिकारी ने बताया कि उनकी लैब को सैंपल मिले थे लेकिन उन्होंने रिपोर्ट के बारे में ये कहते हुए बताने से इनकार किया कि इस प्रक्रिया की सारी जानकारी गोपनीय होती है.एक अन्य अधिकारी ने कहा कि एनडीडीबी बाद में इस विषय पर प्रेस रिलीज जारी कर सकता है.जो रिपोर्ट शेयर की जा रही है, उसमें भी इस बात का ज़िक्र नहीं दिखा है कि सैंपल तिरुपति मंदिर का है.

अंग्रेज़ी अख़बार इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से कहा, लड्डू और दूसरे प्रसाद बनाने के लिए जो घी इस्तेमाल होता है, वो वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के दौर में कई एजेंसियों से लिया गया था.टीडीपी की ओर से जो रिपोर्ट पेश की जा रही है, उसमें कई चीज़ों का ज़िक्र है.इसमें सोया बीन, सूरजमुखी, कपास का बीज, नारियल जैसी चीज़ें लिखी हैं. मगर जिन चीज़ों पर आपत्ति जताई जा रही है, वो हैं- लार्ड, बीफ टेलो और फिश ऑयल.लार्ड यानी किसी चरबी को पिघलाने पर निकलने वाला सफेद सा पदाथ. फिश ऑयल यानी मछली का तेल और बीफ टेलो यानी बीफ की चर्बी को गर्म करके निकाले जाने वाला तेल.साथ ही ये भी दावा गया है कि इनमें तय अनुपात के हिसाब से चीज़ें नहीं थीं. इसे एस वैल्यू कहा गया है. यानी अगर ऊपर लिखी चीज़ों का एस वैल्यू सही नहीं है तो ये गड़बड़ बात है.

चंद्रबाबू नायडू ने कहा, कोई ये सोच भी नहीं सकता कि तिरुमला लड्डू को इस तरह अपवित्र किया जाएगा. पिछले पाँच सालों में वाईएसआर ने तिरुमला की पवित्रता को अपवित्र कर दिया है.

नायडू ने दावा किया, इस बात की पुष्टि हो गई है कि तिरुमला लड्डू के घी में जानवर की चर्बी का इस्तेमाल किया गया. इस मामले में जांच चल रही है. इसके लिए जो भी दोषी होंगे, उन्हें सज़ा दी जाएगी.ज्टीडीपी के महासचिव नारा लोकेश ने दावा किया, पिछली सरकार में प्रसाद के लड्डू के घी में जानवरों की चर्बी और मछली के तेल का इस्तेमाल हुआ. प्रसाद के नमूनों के परीक्षण में पाया गया है कि इन लड्डुओं में मछली का तेल और बीफ़ चर्बी का इस्तेमाल हुआ है.नायडू ने कहा, हम सबकी ज़िम्मेदारी है कि वेंकटेश्वर भगवान की पवित्रता की रक्षा करें. आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआर ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है और नायडू के आरोपों को ख़ारिज किया है.वाईएसआर नेता और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट के चेयरमैन रहे वाई वी सुब्बारेड्डी ने सोशल मीडिया पर लिखा, नायडू ने तिरुमला मंदिर की पवित्रता को नुक़सान पहुंचाकर और करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर पाप किया है. कोई भी व्यक्ति ऐसे आरोप नहीं लगा सकता.सुब्बारेड्डी ने, ये एक बार फिर साबित हो गया है कि अपनी राजनीति चमकाने के लिए नायडू हिचकेंगे नहीं. तिरुमला प्रसाद के मामले में मैं और मेरा परिवार ईश्वर की कसम खाने के लिए तैयार हैं. क्या चंद्रबाबू नायडू अपने परिवार के साथ कसम खाकर ये बात कहेंगे?वाईएसआर के सोशल मीडिया हैंडल्स पर वाईएसआर नेता सुब्बारेडी ने कहा, भगवान के प्रसाद के लिए बीते तीन साल से घी समेत जो सामग्री इस्तेमाल होती है, वो सब ऑर्गेनिक हैं.सुब्बारेड्डी ने कहा, ये आरोप लोगों को गुमराह करने के मक़सद से लगाए जा रहे हैं.आंध्र प्रदेश में कांग्रेस नेता शर्मिला ने इस मामले पर टीडीपी और वाईएसआर पर राजनीति करने के आरोप लगाए हैं और सीबीआई जांच की मांग की है.शर्मिला ने कहा, हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई. चंद्रबाबू नायडू की टिप्पणी परेशान करने वाली है.बीजेपी सांसद लक्ष्मण ने कहा, लड्डुओं में जानवर की चर्बी का इस्तेमाल दुर्भाग्यपूर्ण है. पूरा हिंदू समाज इस घटना की निंदा कर रहा है.लक्ष्मण ने चंद्रबाबू नायडू सरकार से उन अधिकारियों पर कार्रवाई करने के लिए कहा, जो कथित तौर पर इसमें शामिल थे.चंद्रबाबू नायडू ने लड्डू को लेकर ये भी कहा, हमारी सरकार में पवित्र लड्डू बनाए जा रहे हैं.आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है.पवन कल्याण ने लिखा, तिरुपति बालाजी के प्रसाद में जानवर की चर्बी (मछली का तेल, पोर्क और बीफ़ फ़ैट) मिले होने की पुष्टि से हम सभी बहुत परेशान हैं. तत्कालीन वाईसीपी सरकार की ओर से गठित टीटीडी बोर्ड को कई सवालों के जवाब देने होंगे.तिरुपति मंदिर से जुड़ा ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम यानी टीटीडी के नाम से जाना जाता है. ये ट्रस्ट मंदिर से जुड़े कामों में शामिल रहता है.इस ट्रस्ट से जुड़े लेबर यूनियन के कंदारपु मुरली ने सीएम नायडू के बयान की आलोचना की है और इसे टीटीडी कर्मचारियों का अपमान बताया है.मुरली ने कहा, टीटीडी में पारदर्शी प्रक्रिया है. टीटीडी के अंदर ही लैब है, जहाँ प्रसाद में डलने वाली चीज़ों की जांच की जा सकती है. जांच परख के बाद ही प्रसाद का इस्तेमाल होता है.मुरली ने कहा, टीटीडी को जो प्रसाद मिलता है, वो रोज़ सर्टिफाइड होने के बाद ही मिलता है.फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर ने टीटीडी के एक पुराने ट्वीट को साझा किया है.इस ट्वीट की तस्वीरों में जून 2024 में टीटीडी के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर बने श्यामला राव दिख रहे हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 265 : गुरु वशिष्ठ की कैकेई को भरत जी के आगमन की प्रतीक्षा करने की सलाह

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

कैकेई ने कहा, ''पहले मेरी पूरी बात तो सुनी जाए।सूर्यवंशी राजाओं के इस महान कौशल राज्य के सिंहासन पर अगले 14 वर्षों तक जो भी आसीन रहेगा, उसके लिए प्राणों के संकट से लेकर घोर आपत्ति की दशा है।ऐसे में मैं अपने पुत्र भरत को यह कांटों भरा पद दिलवाना चाहती हूं तो इसमें अनुचित क्या है? साथ ही वन जीवन का अनुभव ले चुके राम को अगर वन भेजना चाहती हूं तो यह शौर्य के पर्याय मेरे राम के लिए भी सुरक्षित है और इसमें असुरों के भावी आक्रमण से रक्षा की दृष्टि से राज्य का हित भी अंतर्निहित है।''

मंत्री सुमंत ने हस्तक्षेप करते हुए कहा, ''रानी जी अगर अयोध्या के महाराज और युवराज को आसन्न आपत्ति से दूर रखना ही आपका उद्देश्य है तो इसके लिए राजकुमार राम को वन भेजने की क्या आवश्यकता है? इसके अनेक उपाय हो सकते हैं और अयोध्या के राजकुमार अयोध्या के निकटवर्ती किसी स्थान में निवास कर भी यह संकटकाल टाल सकते हैं। साथ ही राजकुमार भरत के अभिषेक से आपका कौन सा उद्देश्य पूरा होगा? क्या आपने कुमार भरत की सहमति ली है?''

''आप अपनी सीमा का पुनः उल्लंघन कर रहे हैं सुमंत जी! महाराज, गुरु वशिष्ठ और स्वयं मेरे होते हुए इस विषय पर किसी अन्य की राय का कोई महत्व नहीं है और इसे आपको समझना चाहिए।''

अयोध्या राज परिवार और शासन से लंबे समय से जुड़े हुए सुमंत जी के लिए यह अपमानजनक अनुभव है।उन्होंने प्रश्नवाचक दृष्टि से गुरु वशिष्ठ की ओर देखा।

गुरु वशिष्ठ ने अपनी धीर गंभीर वाणी में कहा, ''सुमंत उचित कह रहे हैं देवी! कम से कम आपको कुमार भरत के आगमन तक अपनी इन दोनों मांगों को स्थगित रखना चाहिए..।''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## स्मृतियां - 9

# शिक्षक का शौक -''फिल्युमिनी''

शिक्षकों के अलग अलग शौक होते हैं। सन 1988-89 में आदिवासी क्षेत्र के बांधा बाजार उ मा शाला में एक दिन कक्षा 12 वीं में मैं अपनी माचिस की लेबल का संग्रह ''फिल्युमिनी'' लेकर गया। पहले उस संग्रह को बच्चों को इत्मीनान से देखने दिया । उसके बाद उन्हें अपने शब्दों में जो कुछ देखा उसे अंग्रेजी में लिख कर लाने कहा। बच्चों में स्वतंत्र/सृजनात्मक लेखन कौशल विकास हेतु कुछ अलग काम देना भी जरूरी होता है ।

अगले दिन शाम को कुछ सामान लेने स्थानीय किराना दुकान में गया । मुझे देखते ही दुकानदार ने कहा- सर, आप क्या क्या पढ़ाते रहते है ? बच्चे हमसे आकर पूछते हैं। हमें मालूम होता तो हम भी शिक्षक नही बन जाते । दुकानदारी क्यों करते ? एक शिक्षक कुछ पढ़ाये और लोगों/घर के सदस्यों को, पता नही चले इसका मतलब शिक्षक यांत्रिक पाठ पढ़ा रहें हैं।

आजकल तो सामाजिक माध्यम का बोलबाला है। मैं अपने संग्रह को रोज पोस्ट करता हूं । लोगों की बहुत ही मजेदार प्रतिकिया आती रहती है। श्री डोंगरे जी ने लिखा - ''प्रत्येक क्षेत्र के योगदान को प्रचारित-प्रसारित करने हेतु माचिस निर्माताओं को नमन, और, इतनी बढ़ियां जानकारी उपलब्ध कराने वाले का अत्यधिक आभार । कल्पना से परे माचिस निर्माताओं की सोच स्तब्ध करती है ।'' मेरे पास 400 से अधिक प्रकार के माचिस की लेबल का अदभुत संग्रह है। जो अब तक कि जानकारी के अनुसार किसी के पास नही है। सोच समझकर योजना बना कर पढ़ाना चाहिए। बिना योजना बनाए जो पढ़ाता है वह स्वयं को दुहराता रहता है। उसके शिक्षण में नवीनता नहीं होती ।

**युगल किशोर**

## कहानी

# परेशानी का सु-रहस्य

**गिरीश बख्शी**

आनन्द ने उल्लसित होकर कहा- 'चलो अनामिका! देखो, आज इतवार है, छुट्टी का दिन और मौसम अच्छा है, मन में निश्चिन्तता है और मनी भी है तो इस तीन 'म' का संयोग हमें डोंगरगढ़ घूम आने का कह रहा है। अच्छा प्लेनर ट्रिप रहेगा। मैं बाइक में पेट्रोल भरा कर आता हूँ, तब तक तुम तैयार हो जाओ! अनामिका परेशानी से बोल उठी-'मुझे भी डोंगरगढ़ जाने की बड़ी इच्छा है चाचाजी! पर क्या करूँ, आज का यह रविवार तो मेरे लिए 'रविवार' नहीं रहा, सोमवार हो गया है। 'अचरज में पड़ गया आनन्द- 'सोमवार? तुम ये क्या कह रही हो, मैं समझा नहीं!' स्थित मुस्कराकर अनामिका ने कहा- 'आपने अखबार नहीं पढ़ा? ये सामने तो रखा है। खैर, मैं पढ़ती हूँ- 'सपना है 'छात्रावास अधीक्षक' बनने का...। आज बेरोजगारों का मेला! 108 केन्द्रों में रिकार्ड उम्मीदवार शामिल होंगे। परीक्षा दोपहर बारह बजे से सवा दो बजे तक होगी। 'हाँ तो चाचाजी! इन्ही 108 केन्द्रों के हमारे स्कूल के केन्द्र में मेरी परीक्षा ड्यूटी है। बड़ी आफत है क्या करूँ?' चाचाजी का उत्साह भंग हो गया। बोले निराशा से- तो फिर मैं अब विकास भैया से गपशप मारने चला जाता हूँ। देखूँ वे मिलते है या नहीं। प्रायवेट नौकरी है, इतवार को भी उनके अधिकारी उन्हें काम पर बुला लेते हैं।

आनन्द को अच्छा लगा कि विकास भैया घर पर ही मिल गये। लहक कर आनन्द को अपने साथ सोफे पर बैठाकर कह उठे- 'अरे! तुमने तो बताया था डोंगरगढ़ जाओंगे पर अचानक यहाँ....? आनन्द ने आराम से पैर फैलाते हुए बताया-'जाना तो या पर अनामिका की छुट्टी नहीं है। उसकी ड्यूटी लग गई है।'

'अनामिका? ये अनामिका कौन है आनन्द?'

'वो मेरी मुँह बोली भतीजी है। उसकी जिज्जी, जीजाजी भांजे-भांजियां सब वही रहते है। हमें भाई के दर्शन हो जाते और अनामिका को भी बहन से मिलना हो जाता कई महीने से वह, डोंगरगढ़ नहीं जा सकी है।'

'तुमने कहा उसकी ड्यूटी लगी है, तो क्या वह टीचर है?'

'अरे! आपने कैसे पूछा? हॉ वह मेडम है!'

अब हँस पड़े विकास भैया। बिट्टी कृति द्वारा लाई गरम-गरम पकौड़े देख आनन्दित हो गया आनन्द। प्लेट लेता हुआ बोला-तुम्हे कैसे पता था कृति! मैं आज सबेरे-सबेरे आने वाला हूँ जो पकौड़े बना कर ले आई! कृति चहक उठी- 'अत्तू चाचा! मैं इतवार को मम्मी को 'पूर्ण विश्राम' देती हूँ। पापाजी का मनप्रसंद नाश्ता मैं खुद बनाती हूँ, मेरा यह इतवार का नियम है।'

एक पकौड़ा मुँह में डाल कर खूब मन से स्वाद ले तो हुए हुआ बोला-'बहुत बढ़िया पकौड़े बनाती हो। मजा आ गया। कृति! तुम्हे एक प्लेट और लाना होगा।' कृति मुग्ध हो उठी-'जरूर! जरूर!! चाचाजी! वह खुशी-खुशी जाने लगी तभी जैसे आनन्द को कुछ ख्याल आया। बोल उठा-'कृति! सुनो तो, तुम भी तो टीचर हो न?'

'जी हॉ चाचाजी।'

'पर आज तो हास्टल वार्डन भरती के लिए परीक्षा है, तुम्हारी इनव्हिजिलेशन ड्यूटी नहीं लगी?''

कृति आराम से कुर्सी पर बैठ कर बोली-''लगी थी चाचाजी! पर मैने अपना नाम कटवा लिया।''

आनन्द ने आश्चर्य से पूछा-ऐसा नाम कट जाता है?'' कृति ने बताया-''हाँ! चाचाजी! पर इसके लिए मेडम को यानी प्रिन्सिपल को अपने बदले किसी और टीचर को राजी कर उसका नाम बताना पड़ता है।''

आनन्द ने मुह में पकौड़े भरे हूए कहा-''वाह! पर कृति यह 'वाह' तुम्हारे पकौड़े के लिए नहीं, तुम्हारी तरकीब के लिए है। हाँ अब ये बताओ-'' तुमने अपना नाम क्यो कटवा लिया?'' कृति को चुप सा देख विकास भैया बोले-''वो इसलिए आनन्द कि कृति रविवार को, हप्ते में एक दिन की छुट्टी के रविवार को अपनी मनमर्जी से भरपूर जीना चाहती है। वह रविवार को स्कूल मेडम, क्लास, पढ़ाई, परीक्षा सबसे, पूर्ण रूप से, मुक्त हो जाना चाहती है।

आनन्द चहक उठा-''क्या बात है! अब तो मुझे दो बार कहना पड़ेगा-''वाह! वाह!! कृति दूसरा प्लेट लाने के लिए तो विकास भैया ने कहा- मेरे लिए भी लाना! तभी आनन्द ने प्रश्न किया- ये तो बताओं कृति! तुमने अपनी जगह किसकी ड्यूटी लगा दी?

कृति ने बताया-''वह मेरी खास सहेली है अत्तू चाचा! और उसका नाम है अनामिका।''

-''अनामिका?''-एकदम चौंक कर खड़ा हो गया आनन्द-''अनामिका, तो कृति! तुम्हारे जैसे वह मुझे भी चाचाजी कहती है। पर.... मालूम कृति! रविवार को ड्यूटी लग जाने से वह तो बड़ी परेशान है। कह रही थी- एक दिन भी आराम नहीं, काम, काम और बस काम!'' आनन्द एकाएक गंभीर हो गया। अपने आप सोचते हुए कहले लगा-''फिर वह कृति की जगह ड्यूटी करने, तैयार क्यों हो गई? उसे तो साफ इंकार कर देना चाहिए था।''

कृति ने खिलखिला कर कहा-''कैसे मना करती चाचाजी! दरअसल सवाल तो रूपये का था। सरकारी परीक्षा में ड्यूटी करने से साढ़े पांच सौ रूपये मिलते हे।''

यह सुनते ही विकास भैया ने आनन्द की पीठ पर ऐ जोरदार थाप मारते हुए कहा-'' अब समझे आनन्दजी! तुम्हारी मुहँ बोली अनामिका की परेशानी का सु-रहस्य।''

बालाजी मंदिर के पास, स्टेशनपारा
राजनांदगांव (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन नॉर्मल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का आज का दिन पढ़ाई में मन लगा रहेगा। दोस्तों के साथ आज बाहर जाने का प्लान बनेगा। आज परिवार से संबंधित लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय सकारात्मक रहेंगे। पिछले कुछ समय से चल रही किसी समस्या का भी निदान होगा।

**वृषभ** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पहले की अपेक्षा आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छे सौगात लेकर आया हैं, आज आपके कामों की तारीफ हो सकती हैं। आज सामाजिक गतिविधियों में दिन का अधिकतम समय बीतेगा।

**मिथुन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मीडिया और मार्केटिंग संबंधी व्यवसाय से नई-नई जानकारियां मिलेंगी। जिससे आपकी कार्यप्रणाली में भी गति आएगी। महिलाएं अपने काम को लेकर उत्साहित रहेंगी। ऑफिस में किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को पूरा करने में उच्चाधिकारियों का भी पूरा मार्गदर्शन मिलेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लेकर आयेगा। घर वालों का भरपूर प्यार आपको मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाऐंगे। इस राशि के जो लोग किसी दूसरे राज्य में व्यापार की शुरुआत करना चाहते हैं आज का दिन उनके लिए अच्छा हैं, परिवारवालों का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**सिंह** — आज अपने दिन की शुरुआत नए उमंगों के साथ करेंगे। आज जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपकी सकारात्मक संतुलित सोच द्वारा योजनाबद्ध तरीके से दिनचर्या बीतेगी, जिससे आपका उत्साह और मनोबल बना रहेगा। परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा।

**कन्या** — आज आपका दिन रचनात्मक कार्यों में लगा रहेगा। आज पिछले कुछ समय से जिस काम के लिए प्रयास कर रहे थे, आज उससे संबंधित खुशखबरी मिल सकती हैं। परंतु दूसरों से उम्मीद रखने की बजाय अपनी योग्यता पर विश्वास रखना ज्यादा बेहतर रहेगा। इससे आप का मनोबल भी बना रहेगा।

**तुला** — आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आएगा। आज आप उन चीजों को ज्यादा महत्व देंगे जो आपके लिए इम्पोर्टेन्ट हैं। साथ ही आपको काम, परिवार और दोस्तों के बीच संतुलन बना कर रखना चाहिए, ऐसा करने से आपके रिश्तों में संतुलन बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए बाहरी व्यक्तियों का अपने घर के मामले में हस्तक्षेप ना होने दें। आज आपके अपने नजदीकी लोग ही आपके लिए कुछ दिक्कतें पैदा करेंगे। सचेत रहें और नकारात्मक परिस्थितियों में धैर्य न खोए और अपना मनोबल मजबूत बनाकर रखें।

**धनु** — आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। आज आप आर्थिक स्थिति को देखते हुए भविष्य की प्लानिंग बना सकते हैं। आपकी मेहनत का अच्छा परिणाम जल्द ही मिलेगा। आज कार्यस्थल पर गतिविधियां धीमी होने के बावजूद आप योग्यता और मेहनत से आर्थिक स्थिति सामान्य रखेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस रखना जरूरी है। इससे व्यवसाय में आपकी मेहनत के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। नौकरी करने वाले लोगों को काम की अधिकता बनी रहेगी। ओवरटाइम भी करना पड़ सकता है। आपके द्वारा कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**कुंभ** — आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लगा रहेगा। शाम को आप किसी सामारोह में जायेंगे जिसमें आपकी मुलाकात किसी खास व्यक्ति से होगी। आज किसी विशेष व्यक्ति से प्रभावित होकर आप भी अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन लाने की कोशिश करेंगे और कुछ नए कार्यों को भी करने में आपका ध्यान केंद्रित रहेगा।

**मीन** — आज का दिन पहले की अपेक्षा ज्यादा लाभ दिलाने वाला रहेगा। आज आपको अपनी मेहनत पर भरोसा करके काम करना चाहिए आपके काम सफल होंगे। आज बिजनेस में मेहनत के मुताबिक नतीजे मिलेंगे और इनकम पहले से बेहतर होगी। लेकिन कोई भी व्यवसाय संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले उचित सोच-विचार करना जरूरी है।

## शब्द सामर्थ्य -185

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनांद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 184 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | दां | न | गी | ■ | त | म |
| लौ | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ |

# जिम सामग्री की खरीदी, तत्कालीन पालिकाध्यक्ष से मांगा गया जवाब

## नगरीय प्रशासन विभाग ने नोटिस भेजा: धारा 35 (क) के तहत होगी बर्खास्तगी

खैरागढ़ (दावा)। नगर पालिका में कथित 38 लाख के फर्जी भुगतान मामले में तत्कालीन सीएमओ कुलदीप झा को निलंबित किए जाने के बाद अब तत्कालीन पालिकाध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा को भी नगरीय प्रशासन विभाग ने पालिका अधिनियम की धारा 35 (क )के तहत कारण बताओ नोटिस भेजकर 15 दिवस में जवाब मांगा है। नगरीय प्रशासन विभाग के अवर सचिव डॉ. ऋतु वर्मा द्वारा जारी नोटिस में जवाब नहीं देने पर एकतरफा कार्यवाही किए जाने की जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में हुए पालिकाध्यक्ष चुनाव में शैलेन्द्र वर्मा ने चुनाव के घंटे भर पहले ही कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। जबकि खुद के अध्यक्ष रहते ही शैलेन्द्र वर्मा के कार्यकाल में अध्यक्ष और पार्षद निधि से 38 लाख रू से अधिक की जिम सामग्री खरीदी के नाम पर फर्जी भुगतान मामले की शिकायत के जांच के बाद तत्कालीन सीएमओ झा

को निलंबित किया गया है।

### ध्यक्ष और सीएमओ के हस्ताक्षर से जारी हुए चेक

अध्यक्ष और पार्षद निधि से जिम सामाग्री खरीदी मामले में तत्कालीन अध्यक्ष रहे शैलेन्द्र वर्मा एवं सीएमओ कुलदीप झा के हस्ताक्षर से ही संबंधित फर्म को जुलाई 23 में 17 लाख 64 हजार और 20 लाख 9 हजार रुपए के दो चेक जारी किए गए थे। मामले की शिकायत पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रामाधार रजक ने शासन स्तर पर की थी। जांच में विभाग को जिम खरीदी संबंधित कोई भी कागजात पालिका में नही मिले। केवल केशबुक में प्रविष्ठि कर चेक से भुगतान किया गया।। मामले की जांच में गडबड़ी निकलते ही नगरीय प्रशासन विभाग ने सीएमओ रहे झा को निलंबित कर दिया है। अब तत्कालीन अध्यक्ष रहे शैलेन्द्र वर्मा पर भी कार्यवाही की तलवार लटकने लगी है। मामले में फर्जी भुगतान प्रमाणित हो चुका है। ऐसे में पार्षद शैलेन्द्र वर्मा पर भी नगरपालिका अधिनियम की धारा 35 (क)के तहत बर्खास्तगी की तलवार लटक रही है।

### कार्रवाई से बचने पार्टी बदल ली

खुद के अध्यक्ष रहते पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद ही पालिका में अध्यक्ष का चुनाव हाल ही में संपन्न कराया गया। पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस पार्षद की भूमिका निभाने के बाद कार्यवाही के डर से ही शैलेन्द्र वर्मा ने हाल के चुनाव में भाजपा की सदस्यता लेकर भाजपा का अध्यक्ष बनाने भूमिका निभाई। अध्यक्ष चुनाव पूर्ण होते ही विभागीय आदेश जारी होने से वर्मा की परेशानी बढ़ने वाली है। कांग्रेस ने पहले ही इस कार्यवाही से बचने के लिए शैलेन्द्र वर्मा के पार्टी बदलने की जानकारी देकर कार्यवाही रोकने का आरोप भी लगाया था।

### जानकारी मिली है शिकायत करेंगे

पूर्व पार्षद और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने नगरीय प्रशासन द्वारा शैलेन्द्र वर्मा को जारी नोटिस पर कहा कि जानकारी मिली है। जिम सामग्री खरीदी के भुगतान में शैलेन्द्र वर्मा की संलिप्तता प्रमाणित है। सीएमओ के निलंबन के बाद अब शैलेन्द्र वर्मा पर बर्खास्तगी की कार्यवाही नियमों के तहत होनी है। इसके दस्तावेज निकाल कर कलेक्टर से शिकायत करेंगें। सत्ता पक्ष ने कार्यवाही रोकने का प्रयास किया तो मामले में उच्च न्यायालय भी जाएगें।

# छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान छुरिया में 12 बजे के बाद नहीं दिखा असर

## कांग्रेसियों ने सुबह से दुकानों को बंद लेकर मांगा सहयोग

छुरिया (दावा)। प्रदेश के कवर्धा जिले में गत दिनों हुई घटना को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा दिन शनिवार को बंद का आव्हान किया गया।

जिसके चलते नगर पंचायत छुरिया में बंद को लेकर सुबह से कांग्रेसियों ने खुल रहे दुकानों को बंद करने स्थानीय दुकानदारों से सहयोग मांगा। जो दोपहर 12 बजे के बाद कुछ दुकानें धीरे-धीरे खुलते नजर आया। आपको बता दें कि मामला कवर्धा जिले के अंतर्गत आने वाले लोहरीडीह को बीते रविवार को बहुत बड़ा मामला सामने आया जिसके चलते पुलिस ने सैकड़ों की संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं उनमें से गिरफ्त में आए प्रशांत साहू की मौत हो गई। बताया गया कि लोहारीडीह गांव में पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता कि गई महिला हो या पुरुष पुलिस ने बहुत पीटा नतीजन गिरफ्तार हुए प्रशांत साहू कि थाने में इतना पिटाई हुआ कि उसने दम तोड़ दिया? जिसके बाद मामला इतना बड़ा कि शासन प्रशासन ने शांति व्यवस्था को दुरुस्त करने दोषी अफसरों पर कार्रवाई करते हुए ट्रांसफर किया तो किसी अधिकारी को सस्पेंड किया? छत्तीसगढ़ के विपक्ष में बैठी कांग्रेस के नेता मंत्री प्रताड़ित हुए लोगों से मिलकर उनके साथ हुए बर्बरता के बारे में जाना जिसके बाद छत्तीसगढ़ के पुर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने पुलिस प्रशासन कि बर्बरता पर सरकार को आड़े हाथ लिया। वहीं जिसके चलते प्रदेश कांग्रेस कमेटी के व्दारा शनिवार को छत्तीसगढ़ बंद का आव्हान किया गया। इसी तारतम्य में जिला राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ब्लाक मुख्यालय छुरिया नगर पंचायत में स्थानीय नेता कार्यकर्ताओं ने सुबह से बंद को लेकर दुकानदारों से सहयोग मांगा। वहीं कानून व्यवस्था बनाए रखने छुरिया तहसीलदार व थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ नजर आए। इस बंद को लेकर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, जिला महामंत्री, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, ब्लाक कार्यवाहक अध्यक्ष, पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, व अन्य कार्यकर्ता नगर में घुमकर लोगों से अपील कि लेकिन जैसे कांग्रेसी नगर से गायब हुए दुकानों के शटर 12 बजे के बाद खुलते दिखाई दिए।

# पहला कॉलम...

## साक्षी और वात्सल्य का एमबीबीएस में चयन

### लोधी समाज के विद्यार्थियों का मेडिकल क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। घुमका निवासी केशव जंघेल एवं डीलेश्वर वर्मा के बच्चों का एमबीबीएस में चयन होने पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने अपनी शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। घुमका निवासी साक्षी जंघेल पिता केशव जंघेल और वात्सल्य वर्मा पिता डिलेश्वर वर्मा को उनके निवास पहुंचकर नीट 2024 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एमबीबीएस में चयनित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साक्षी का चयन चंदुलाल-चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज दुर्ग में हुआ है, जबकि वात्सल्य वर्मा का चयन अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव में हुआ है।

विष्णु लोधी ने कहा कि इन दोनों बच्चो ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज का मान बढ़ाया है। उनकी मेहनत और समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि वे चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देंगे। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा, जय वर्मा, ईश्वर लोधी, पियूष दुबे, रामचंद वर्मा, फत्तेलाल चंदेल, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा आदि लोधी समाज के कई गणमान्य व्यक्तियों एवं शिक्षकों, ईष्ट मित्रों ने भी इन छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रांतीय अधिवेशन में बड़ी संख्या में राजधानी जाएगे कवि/साहित्यकार

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति का प्रांतीय अधिवेशन कल 23 सितंबर सोमवार को राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। जहां पूरे प्रदेश भर के बड़ी संख्या में कवि साहित्यकारों की उपस्थिति बनी रहेगी। उक्त प्रांतीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के जिला अध्यक्ष आत्माराम कोशा 'अमात्य', सचिव लखन लाल साहू 'लहर' डॉ, शंकर मुनिराय सहित कवि/ गीतकार प्यारेलाल देशमुख, कहानीकार-मानसिंह ठाकुर मौलिक, किशोर माहेश्वरी कवि/साहित्यकार ओमप्रकाश साहू 'अंकुर', वीरेंद्र तिवारी 'वीरु', महेंद्र बघेल 'मधु', राजकुमार चौधरी 'रौना', फकीर साहू 'फक्कड़', पवन यादव 'पहुना', रौशन साहू 'मोखला', आनंदराम सार्वा थनवार निषाद, डोहरुराम आदि सहित बड़ी संख्या में कवि/साहित्यकार व छत्तीसगढ़ी के लेखक व रचना धर्मी भाग लेने जा रहे हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए साहित्य समिति के सचिव लखन लहर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत पहली सत्र में छत्तीसगढ़ी वाचिक परम्परा-बोली से भाषा तक विषय पर विद्वत साहित्यकारो की परिचर्चा आयोजित है। तत्पश्चात दूसरे सत्र में सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित डॉ. महंत रामसुंदर दास, पद्मश्री अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत दास व छ.ग. राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार की उपस्थिति में कला एवं साहित्य सम्मान का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर अधिवेशन कार्यक्रम में पधारे कवि/साहित्यकारों का रंगारंग कवि सम्मेलन भी आयोजित है। श्री लहर ने जिले के सभी कवि/साहित्यकारों को समय पर रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल कार्यक्रम स्थल में पहुंचने की अपील की है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान

डोंगरगढ़ (दावा)। शा. कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय राष्ट्रीय स्वयं सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अरुण कुमार साहू एवं सूर्यकांत वर्मा के मार्गदर्शन में दल नायक अजय कुमार यादव व उपदल नायक कु पूजा देवांगन के नेतृत्व में गोद ग्राम मक्काटोला में स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के द्वारा गोद ग्राम में यात्री प्रतीक्षालय परिसर, नालियों, आंगनबाड़ी, चौक चौराहों, सार्वजनिक स्थलों में साफ सफाई का कार्य किया गया। छत्रपति शिवाजी दल नायक रितेश, सुभाष चंद्र बोस दल नायक मिथिलेश कुमार, लोकमान्य तिलक दल नायक पंकज कुमार, पृथ्वीराज चौहान दल नायक हेमंत कुमार ने अपने-अपने दलों के द्वारा स्वच्छता संबंधी नारे लगाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान में डॉ हेमलता गायकवाड, श्रीमति रीना सलामे, सुश्री सोनल नागवंशी, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी, सुश्री कविता यदु, रामधीरज साहू तथा महाविद्यालय स्वयंसेवकों का स्वच्छता जागरुकता फैलाने में सहयोग रहा।

# भाजपा सरकार की नीतियों की विफलता और प्रदेश में बढ़ते अपराधों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राज्यभर में एक दिवसीय छत्तीसगढ़ बंद का आयोजन किया गया। डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार की नीतियों की विफलता और प्रदेश में बढ़ते अपराधों के विरोध में आयोजित किया गया था । इस बंद का मुख्य उद्देश्य हाल ही में हुए कवर्धा, लोहारीडीह में दोहरे हत्याकांड, आगजनी की घटनाएं और प्रशान्त साहू की पुलिस हिरासत में पीट-पीटकर हत्या जैसे गंभीर अपराधों की ओर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करना था।

कांग्रेस नेता विष्णु लोधी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे हिंसक अपराध, पुलिस की बर्बरता और भाजपा सरकार की

निष्क्रियता के कारण कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। इन घटनाओं से जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है, लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है। डोंगरगढ़ में आयोजित इस बंद कार्यक्रम में (छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी) ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में जनसमूह ने एकजुट होकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जनता के सामने सरकार की असफलताओं को उजागर किया।

### नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री इस्तीफा दे - कांग्रेस

कांग्रेस पार्टी ने इस मौके पर प्रदेश के गृह मंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की। यह मांग प्रदेश में लगातार बढ़ रहे अपराधों, पुलिस के अत्याचार और सरकार की विफल कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए की गई। इस एक दिवसीय बंद के दौरान राज्यभर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किए और जनता को भाजपा सरकार की विफलताओं के प्रति जागरूक किया साथ ही प्रदेश में बढ़ते अपराधों और पुलिसिया अत्याचार पर तुरंत रोक लगाई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

# तलवार लहराकर मोहल्ले में उत्पात मचाने वाला युवक गिरफ्तार

डोंगरगढ़(दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में 20 सितंबर शाम 7 बजे के करीब उमेश पाण्डे पिता स्व. माधो प्रसाद पाण्डे उम्र 23 साल निवासी दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ का जो दंतेश्वरी पारा मंदिर के पास अवैध रूप से लोहे का तलवार रखकर लोगों को दिखाकर

तलवार लहराकर डरा धमका रहा था। जिससे वार्ड में अंशांति का माहौल उत्पन्न हो रहा है कि रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट का कार्यवाही कर आरोपी से एक नग लोहे का तलवार जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

# कलकसा में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत स्वच्छता दिवस आयोजित

कलकसा (दावा)। विकासखण्ड डोंगरगढ़ के ग्राम पंचायत कलकसा में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत एकदिवसीय स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। प्रति सप्ताह की तरह आज भी ग्राम के चौक चौराह, बाजार चौक, ग्राम पंचायत भवन में सफाई किया गया। इस बीच ग्राम पंचायत कलकसा में सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण किया गया। साथ ही सरपंच अशोक दास साहू, उपसरपच सुखचरन साहू, सचिव केदान सिन्हा, ग्राम रोजगार सहायक नरोत्तम सिंह कुंजाम ने भी एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किए। तत्पश्चात स्वच्छता दीदीयों द्वारा किया बनाए गए बॉटल ब्रिक्स का निरीक्षण भी किया गया। उसके बाद प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा ग्राम में जागरूकता रैली आयोजित की गई एवं सीईओ मैडम द्वारा उपस्थित

ग्रामीणजनों को स्वच्छता संबंधी निर्देश भी दिए और कहा कि स्वच्छ ग्राम ही स्वच्छ जीवन शैली को सन्देश देती है। जिसमें आप सभी अपने-अपने घरों व ग्राम के सभी जगह प्रत्येक शनिवार को सुबह एक घंटे स्वच्छता अभियान चला कर अपने ग्राम पंचायत को स्वच्छ ग्राम के रूप बनने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही उपस्थित ग्रामीण व स्कूली बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इस बीच सरपंच अशोक दास साहू, सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम सिंह कुंजाम, सुखचरण साहू, पंच पवन कुमार सोनवानी, बी.पी.एम. मन्नाडे, रामकुमार मंगेशकर, टी.ए.प्रवीण कुमार गड़पायले, कोटवार गोरेलाल देवदास, विजय कुमार, धनेश्वर वर्मा, स्वच्छ ग्राही हिरौंदी बाई यादव, संतोषी धुर्वे, गिरजा साहू, नेम बाई, महेश्वरी, अजय कुमार वैष्णव, प्रभा श्रीवास्तव, सोमकुवार, सीमा वैध, मनहरन गायकवाड़ आदि मौजूद रहे।

# कृषि समूह के अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

**0 लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निर्देश**
**0 अपेक्षित प्रगति में कमी पर जाहिर की नाराजगी**

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने गत दिवस कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कृषि, उद्यान, सहकारिता, मछली, पशु-पालन, पशु-चिकित्सा, रेशम पालन, एनआरएलएम, मनरेगा की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजना के क्रियान्वयन व प्रगति की समीक्षा किया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सभी विभागों व जनपद पंचायत के एनआरएलएम, बीपीएम को निर्देशित किया गया कि लखपति दीदी योजना अंतर्गत विभिन्न विभागों के अभिसरण से कार्य योजना तैयार कर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय व भौतिक लक्ष्य की अपेक्षित प्रगति में कमी पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अंतर्गत अब तक लाभांवित हितग्रहियों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि किसानों और लाभार्थी के आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वयन होने से उन्हें सशक्त बनाया जा सके। इसमें किसी भी प्रकार की कमी पर संबंधित अधिकारी पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ठेलकाडीह महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब उन्मुखीकरण कार्यक्रम

ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह में प्राचार्य ए.के. श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डी.के.साहू के निर्देशन में रेड रिबन क्लब का उन्मुखीकरण सह संवेदीकरण कार्यक्रम एवं स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री चित्रलेखा टंडन, सहायक प्राध्यापक बेनविक्रम बर्मन एवं श्रीमती रेणुका सिन्हा ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। सर्वप्रथम बेनविक्रम बर्मन ने रेड रिबन क्लब के उद्देश्य एवं कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सहायक प्राध्यापक श्रीमती रेणुका सिन्हा ने स्वच्छता के महत्व को उजागर करते हुये अपनी बात रखी। सुश्री चित्रलेखा टंडन ने एच.आई.व्ही. संक्रमण एवं एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

प्राचार्य ए.के. श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्वच्छता एवं सावधानी के माध्यम से हम गंभीर से गंभीर बिमारी से बच सकते है एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपना सकते हैं।

## जिले में नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया 25 हजार 739 प्रकरणों का निराकरण

बालोद (दावा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी आफेंस के प्रकरणों को निराकृत किया गया।

# व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति गोलबाजार को रनिंग शील्ड एवं 15 सौ रुपये का नगद इनाम दिया

डोंगरगढ़(दावा)। श्री गणेश उत्सव पर्व के दौरान श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता में मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में निर्णायकों द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति गोल बाजार को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक रनिंग सील्ड एवं 15 सौ रुपए का नगद ईनाम दिया गया। श्री माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ में पूर्व वर्षो की परम्परा के अनुरुप विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन कार्यक्रम विभिन्न श्री गणेश मंडलियों द्वारा झांकी धर्म ग्रन्थों की कथाओं पर आधारित सुन्दर मन मुग्ध कर देने वाली झांकियां श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के पुरस्कार मंच से होकर विसर्जन स्थल महावीर तालाब पहुंची।

मंत्री श्री परिहार ने आगे बताया कि ट्रस्ट समिति द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित करते हुये 23वां वर्ष पूर्ण हो गया है। श्री सार्वजनिक गणेश उत्लाव समिति बीर क्लब बुधवारी पारा, श्री प्रगति मंडल गणेश उत्सव समिति हास्पीटल चौक, तारण पिपलेश्वर गणेश उत्सव समिति थाना चौक, स्टार क्लब गणेश उत्सब समिति बुधबारी पारा, श्री विनर क्लब गणेश उत्सव समिति भगत सिंह चौक, श्री गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति मगतसिंह चौक, श्री के. पी. व्याय गणेश उत्सव समिति कंडरापारा, आदर्श गणेश उत्सव समिति, ठेठबार पारा, श्री संस्कार परिवार गणेश उत्सव समिति जेल रोड़, युवा व्यापारी संघ डोंगरगढ़, साईं गणेश उत्सब समिति डिपरापारा, श्री विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति राजीव नगर, श्री जागो एकता संगठन गणेश समिति बधियाटोला, श्री शिव शक्ति संस्कार परिवार गणेश समिति राधिका नगर, श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालकापारा, श्री बाल उत्सव समिति महावीर पारा आदि सम्मलित हुए।

### व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति गोलबाजार को मिला प्रथम स्थान

श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता

**0 मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट विगत 23 वर्षों से श्री गणेश उत्सव झांकी समितियों को कर रही प्रोत्साहित**

हेतु श्री मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मंच में निर्णायक के रूप में सेवानिवृत शिक्षक वह सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू, कुलदीप साहू, विश्वनाथ यादव, बी.पी. चन्द्राकर एवं अमृत टांक के द्वारा लिये गये निर्णय के परिपेक्ष्य में श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के द्वारा प्रथम स्थान व्यापारी संघ गणेश उत्सव समिति गोलबाजार को एक रनिंग शील्ड एवं 15000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा को एक रनिंग शील्ड एवं 11000 रुपये, तृतीय पुरस्कार श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालकापारा को एक रनिंग शील्ड एवं 9000 रुपये दिया गया, स्थानीय कलाकार द्वारा निर्मित सर्वश्रेष्ठ झांकी श्री जागो युबा एकता संगठन गणेश उत्सव समिति बधियाटोला को 2100 की राशि दिया गया, श्रेष्ठ स्थल सजावट हेतु संरकार परिवार जेल रोड़ को 2100 की राशि दी गई तथा सभी मंडलियों को सांत्वना पुरुस्कार 1500 रुपये दिये गये।

श्री गणेश विसर्जन झांकी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अनुविभागीय दण्डाधिकारी तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, नगर निरीक्षक तथा प्रशासन के साथ साथ नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, विद्युत विभाग का सहयोग सराहनीय रहा। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, संजय कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश मिश्रा, मंत्री महेंद्र परिहार सह मंत्री बबलू शांडिल्य ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिवंल, संजीय गोमास्ता, विशेष आमंत्रित सदस्य अजय सिंह ठाकुर एवं ट्रस्ट के कर्मचारियों व शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रयास किया गया। ग्रामीण अचंल एवं स्थानीय लगभग 15 से 20 हजार भक्तों ने इन मनोरम झांकियों का दर्शन लाभ लिया एवं ट्रस्ट के कार्यो की सराहना की। ट्रस्ट समिति के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सहयोग दिये, उन सभी अधिकारियों एवं स्थानीय सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुये आगामी वर्ष में भी ऐसे सहयोग की अपील की, ट्रस्ट के द्वारा गणेश विसर्जन झांकी के दर्शन हेतु पहुंचे थे। श्रद्धालुओं के लिये निःशुल्क चाय व पानी की व्यवस्था तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा निःशुल्क नास्ता, चाय एवं पानी की व्यवस्था की गई थी।

# आईजी दीपक कुमार झा ने किया जिला केसीजी का वार्षिक निरीक्षण, ली परेड सलामी

खैरागढ़ (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा (भा.पु.से) राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव के द्वारा नवीन जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई का वार्षिक निरीक्षण किया गया। आईजीपी के द्वारा प्रातः रक्षित आरक्षी केंद्र खैरागढ़ पहुचकर परेड की सलामी लिया गया, इस दौरान बेहतर टर्न आउट वाले अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत दिया गया।

पश्चात जिला पुलिस के एमटी शाखा एवं थाना/चौकी के शासकीय वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया गया। पश्चात दरबार लगाकर पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की समस्या/गुजारिश सुना गया। कर्मचारियों के गुजारिश का यथासम्भव शीघ्र निराकरण करने आश्वासन देकर आईजीपी के द्वारा रक्षित केंद्र खैरागढ़ के सभी शाखा, एसडीओपी कार्यालय खैरागढ़, यातायात शाखा, महिला सेल, एवं थाना खैरागढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया गया। कार्यालय एवं थाना/चौकी के शासकीय दस्तावेजो का रिकॉर्ड दुरुस्त रखने, मालखाना एवं थाना भवन का नियमित साफ सफाई कराने लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने थाना/ चौकी में आने वाले आम जनता से सहज सरल व्यवहार करने, उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने निर्देश दिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुचकर जिला केसीजी अंतर्गत विगत दिनों गुम हुए मोबाइल फोन जिसकी शिकायत मोबाइल धारकों के द्वारा सायबर सेल केसीजी, थाना एवं चौकी में किया था। जिसे पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल जिला केसीजी के दिशा निर्देश में सायबर सेल टीम के द्वारा तकनीकी जानकारी प्राप्त कर जिला केसीजी के अंदरूनी गाँव, शहर,थाना क्षेत्र एवं दीगर राज्य म.प्र.,उ.प्र. आदि राज्यो से रिकवर किया गया था। जिसे निरीक्षण दौरान पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय केसीजी में आयोजित ''समर्थ गुम मोबाइल भेंट कार्यक्रम'' के तहत गुम 103 नग मोबाइल फोन कीमत लगभग 22,00000/- रुपये को मोबाइल धारकों को वितरण कर शुभकामनाएं दिया गया।

वार्षिक निरीक्षण दौरान पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे, एसडीओपी खैरागढ़ गंडई लालचंद मोहले, डीएसपी प्रदीप एरेवार, रक्षित निरीक्षक के देव राजू एवं सभी थाना/चौकी प्रभारी, सायबर सेल, यातायात, महिला सेल प्रभारी तथा जिला पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एस.बी.आई. ने किया शिक्षकों का सम्मान

**राजनांदगांव (दावा)। भारतीय स्टेट बैंक कामठी लाईन स्थित मुख्य शाखा द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति प्रमाण पत्र व पेन भेंटकर सम्मानित किया गया साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी इस अवसर पर स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया।**

बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक वरूण कुमार शुक्ला व उप प्रबंधक विजय फुटाने ने शासकीय कर्मचारियों के लिये बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा सतीश ब्यौहरे, महानदी परियोजना मंडल रायपुर के अधीक्षण अभियंता सुरेश सहारे, भिलाई इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ प्रबंधक सालिक गणवीर, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, जिला परियोजना समन्वयक पी.आर.झाड़े, छुरिया विकासखंड शिखा अधिकारी प्रशांत चिरवतकर, स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक माधवनंद परेडा, मुख्य शाखा प्रबंधक वरूण कुमार शुक्ला, उप प्रबंधक विजय फुटाने, सहायक शिक्षक संजय खोब्रागढ़े, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रमेश साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरी प्राचार्य अनिता सहारे, विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजकों द्वारा शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था की गई थी इस अवसर पर राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया व डोंगरगढ़ विकासखंड के शिक्षक, शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन

**मोहला (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज जनपद पंचायत मोहला अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहला में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सामुदायिक भवन मोहला में स्वस्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।**

इसी प्रकार श्रम विभाग द्वारा शिविर का आयोजन कर श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। जनपद पंचायत मोहला द्वारा जागरूकता रैली निकाला गया। ग्राम पंचायत अंतर्गत सभी दुकानों में स्वच्छता हेतु व्यवसायियों को प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली में पंच, सरपंच, सचिव, स्कूल शिक्षक, स्कूल के विद्यार्थी, और समूह के दीदी, महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित हुए। इसी प्रकार गत दिवस बुधवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अम्बागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत बिहरी कला में स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैली निकाला गया।

रैली उपरांत ब्लैक स्पॉट स्थल की सफाई कर एक पेड़ माँ के नाम से पौधा रोपण किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान के नोडल अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला हेमेंद्र भुआर्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अं. चौकी श्रीमती प्रियंवदा रामटेके, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं जनपद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 41 प्रतिभागियों को दिया गया स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत 100 मानव दिवस कार्य पूर्ण कर चुके अकुशल श्रमिक के परिवार के युवाओं को प्रोजेक्ट उन्नति के तहत प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनका कौशल एवं क्षमता विकास कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ेने का लक्ष्य है।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति योजना के तहत डोंगरगढ़ विकासखण्ड के कुल 41 प्रतिभागियों को अगरबत्ती एवं फिनायल निर्माण विषय पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आर-सेटी) बरगा राजनांदगांव में 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

# मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची तैयार करने अधिकारी नियुक्त

**राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के लिए राजनांदगांव जिले के विकासखंड की ग्राम पंचायतों हेतु मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची तैयार करने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।**

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल विकासखंड राजनांदगांव एवं डोंगरगांव अंतर्गत अपीलीय अधिकारी है। इसी तरह विकासखंड छुरिया एवं डोंगरगढ़ अंतर्गत अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड राजनांदगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार राजनांदगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार गंगाधर राव व राकेश नागवंशी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। विकासखंड डोंगरगांव अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगांव को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार अब्दुल वसीम सिद्दीकी को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। विकासखंड छुरिया अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगांव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार छुरिया को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। विकासखंड डोंगरगढ़ अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार डोंगरगढ़ को सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नायब तहसीलदार श्री सत्यपाल सिंह यादव को निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है।

# अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक के लिए 30 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं ली जाएगी। अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं देने के इच्छुक अभ्यर्थी 30 सितम्बर तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं के लिए न्यूनतम स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री या शारीरिक शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त तथा योग प्रशिक्षक हेतु योग से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्त एवं पूर्व में योग प्रशिक्षण व योग सिखाने का अनुभव प्राप्त आवेदकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप एवं इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 112 से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# जिले में अब तक 27003 आवास निर्माण किए गए पूर्ण

राजनांदगांव (दावा)। हर व्यक्ति की यह ख्वाहिश होती है कि उसका अपना एक घर हो। जिंदगी भर की जमा-पूंजी लगाकर लोग अपना एक पक्का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन कई आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवार के अपना मकान बनाने के सपने अधूरे ही रह जाते हैं।

आम जनता को इन्हीं सपनों को हकीकत में बदलने का हौसला मिला है, प्रधानमंत्री आवास योजना से। ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी सच्चाई से रूबरू कराती इस योजना के तहत हितग्राही लाभन्वित हो रहे हैं, जिसमें अब ग्रामों में कमजोर वर्ग के परिवारों के पक्के मकान दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हर ग्रामीण एवं शहरी परिवार को अपना खुद का घर मिल सके ऐसे लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब एवं बेघर परिवार के पास पक्का आवास के लक्ष्य को लगभग पूरा किया जा रहा है। इस योजना ने न केवल जनसामान्य का जीवन स्तर बढ़ा दिया है, बल्कि उनके जीवन को सकारात्मक दिशा भी दी है। बुनियादी जरूरतों के पूरा होने से विकास की राहें खुलती हैं। आम जनता के दिल से जुड़ी प्रधानमंत्री आवास योजना के बहुत मायने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता जैसे बहुत से आयामों से यह जुड़ी है।

राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक लक्ष्य 27442 प्रदान किया गया था। प्रदान किए गए लक्ष्यानुसार आवासों की स्वीकृति प्रदान किया जा चुके हैं। स्वीकृत आवासों के अनुरूप अब तक 27003 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं और शेष 439 आवासों को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 अंतर्गत 21826 आवास स्वीकृत हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 12615 आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष आवासों के लिए हितग्राहियों का पंजीयन करते हुए अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान कर दिया जाएगा।

# डोंगरगांव के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यो हेतु राशि स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

जिसके अंतर्गत ग्राम बीजाभाठा में विश्वकर्मा सामुदायिक भवन के पास टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम नाथूनवागांव में स्कूल भवन में टाईल्स कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम चिद्दों में मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम माथलडबरी में मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम आसरा में निषाद पारा सामुदायिक भवन में शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम माथलडबरी में शीतला पारा भवन में टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए एवं ग्राम मचानपार में यादव पारा मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# अच्छे स्वास्थ्य एवं सुपोषण के लिए पोषण माह का आयोजन

**अभिभावकों में पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत - कलेक्टर**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुपोषण के लिए पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही 12 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024 तक वजन त्यौहार का भी आयोजन किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के पोट्ठ लईका पहल के अंतर्गत सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के सुपोषण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सुपोषण के लिए उन्हें अतिरिक्त आहार देने के साथ ही उनके अभिभावकों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता लाने की जरूरत है। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का वजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पालक चौपाल अंतर्गत बच्चों के सुपोषण के लिए पालकों को आवश्यक जानकारी देते रहें। इसके साथ ही स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता के प्रति सजगता लाने की जरूरत है। सामुदायिक सहभागिता से बच्चों के सुपोषण के लिए समन्वित तरीके से सभी कार्य करें।

कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर ने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण माह अंतर्गत जनसमुदाय को पोषण संबंधी परामर्श दिया जा रहा है तथा एनीमिया के लक्षण एवं उसके रोकथाम के विषय में जानकारी दी जा रही है। वजन त्यौहार अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में क्लस्टर अनुसार बच्चों की ऊंचाई और वजन लिया जा रहा है और उनका पोषण स्तर देखा जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तिलईरवार में पोषण माह अंतर्गत गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। डोंगरगढ़ विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र रेंगाकठेरा में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती माताएं, शिशुवती माताएं, किशोरी बालिकाएं, बच्चों के पालक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पर्यवेक्षक तथा अन्य महिलाएं उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही एनीमिया के लक्षण, दुष्परिणाम, एवं बचाव के बारे में चर्चा की गई। स्तनपान एवं 6 माह के बाद बच्चों के ऊपरी आहार के बारे में भी माताओं जानकारी दी गई। ग्राम साल्हे में पोषण माह अंतर्गत उपस्थित बच्चों का वजन मापन किया गया तथा जनसमुदाय को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता विषय के संबंध में जानकारी दी गई। छुरिया विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र पटेवा में पोषण माह की जानकारी दी गई एवं अन्न प्राशन किया गया। पोषण माह अंतर्गत जनसमुदाय को केन्द्र में पोषण सम्बन्धी परामर्श दिया गया। साथ ही बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन कर पालकों को उनके पोषण स्तर की जानकारी साझा की गई।

## प्रथम पेज का शेष

*0 बाइडेन से मिलने उनके घर पहुंचे मोदी....*

संस्थापक प्रीतपाल सिंह ने पीटीआई को बताया, 'कल हमें सिख अमेरिकियों की जान बचाने और हमारे समुदाय की सुरक्षा में सतर्कता बरतने के लिए वरिष्ठ संघीय सरकारी अधिकारियों को धन्यवाद देने का मौका मिला। हमने उनसे और अधिक करने को कहा, और हम उनके इस आश्वासन पर कायम रहेंगे कि वे ऐसा करेंगे।

*0 राष्ट्रपति भवन में बस्तर के नक्सल पीड़ितों ने रखी ...*

के लिए ठोस और निर्णायक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि बस्तर कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांतिपूर्ण जीवन के लिए जाना जाता था, लेकिन माओवादी आतंक ने इस स्वर्ग को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि बस्तर को माओवादी आतंक से मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं, ताकि वहां फिर से शांति और सामान्य जीवन लौट सके।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नक्सल पीड़ितों की व्यथा गंभीरता से सुनी और आश्वासन दिया कि सरकार बस्तर में शांति और विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि बस्तरवासियों के बेहतर भविष्य के प्रति सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और जल्द ही उन्हें राहत मिलेगी।

*0 हम पाकिस्तान को गोलियों का जवाब तोप....*

उन्होंने कहा कि अपने समुदाय के लिए आरक्षण मांगने वाले मुर्तजा पहले पहाड़ी व्यक्ति थे। उन्होंने कहा,÷वह अक्सर मुझसे पहाड़ियों को आरक्षण के बारे में ज्ञापन लेकर मिलते थे। मैंने एक बार उनसे कहा था कि आरक्षण जरूर दिया जाएगा, क्या आप (मुर्तजा) भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। फिर उन्होंने जवाब दिया कि अगर मैं (शाह) मेंढर में एक रैली करूंगा, तो लड़ रहे हैं और मैं यहां एक रैली को भी संबोधित कर रहा हूं। यदि आप उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे, तो मैं यहां एक रात ठहरने के लिए आऊंगा।÷साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा का जम्मू को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में उन्नत करने का विजन है।

*0 लोहारीडीह पहुंचे दोनों डिप्टी सीएम ....*

दौड़ा कर पीटा, तब कोई मंत्री मिलने नहीं आया। तब कहां थे उस समय के मुख्यमंत्री और मंत्री, आज राजनीति करने आते हैं इन्हें शर्म आनी चाहिए।

*0 नेशनल लोक अदालतः छत्तीसगढ़ में ....*

यह महत्वपूर्ण रहा है कि सुकमा जिले में बाढ़ के कारण पक्षकार जिला न्यायालय तक नहीं आ पाए उन पक्षकारों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़कर प्रकरणों में राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा द्वारा उच्च न्यायालय में गठित लोक अदालत की दोनों खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्तिगण व सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। मुख्य न्यायाधिपति द्वारा राज्य के सभी सम्मानित प्रधान जिला न्यायाधीशगणों और नेशनल लोक अदालत के संबंध में राज्य में गठित सभी खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों और खण्डपीठ के सदस्यों, राजस्व अधिकारियों, पुलिस प्रशासन सभी न्यायालयीन कर्मचारियों के साथ-साथ सभी पैरालीगल वालेण्टियर, अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा पक्षकारों तथा अन्य सभी लोगों जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस नेशनल लोक अदालत को एतिहासिक रूप से सफल बनाने में योगदान दिया है, को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

वह चुनाव लड़ेंगे। श्री शाह ने कहा,आज मुर्तजा चुनाव

# लखपति दीदी, आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है- चांदनी साहू

खैरागढ़ (दावा)। चांदनी साहू की कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है,कि कैसे एक गृहिणी अपने जीवन को बदल कर समाज में एक सशक्त महिला बन सकती है। उनका सफर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहान से जुड़ने के साथ शुरू हुआ, जहां उन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़कर अपने आत्मविश्वास को बढ़ाया और विभिन्न आजीविका गतिविधियों में शामिल हुईं।

एक गृहिणी से वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संवर्ग (एफएलसीआरपी) बनने का सफर के बारे में चांदनी साहू ने बताया कि उच्च शिक्षा पूर्ण होने के बाद भी आत्मविश्वास की कमी होने के कारण घर से बाहर आने-जाने में असहज महसूस करती थी। विवाह के 02 वर्ष बाद ही पति का देहांत हो जाने से मानसिक रूप से परेशान रहती थीं। फिर इन्होने छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान में स्व-सहायता समूह से जुड़कर समूह की गतिविधियों के बारे में जाना। हकदर्शिका के पद पर कार्य करते हुए 20 दीदियों का मार्गदर्शिका किया। इसमें 5000 रुपए प्रतिमाह मानदेय प्राप्त होता था। उनके कार्य से प्रभावित होकर विद्या संकुल संगठन छुईखदान द्वारा इन्हें वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संवर्ग (एफ.एल.सी.आर.पी.) के रूप में चयनित किया। उनके द्वारा 8 से 10 ग्रामों में समूह सदयों को वित्तीय साक्षरता की ट्रेनिंग देने के साथ की उनकी मांग अनुसार ऋण प्रकरण तैयार कर बैंक में जमा किया जाता है। इस कार्य से लगभग इन्हें 6000 रुपए प्रतिमाह मानदेय प्राप्त हो जाता है। इन्होंने सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण भी प्राप्त किया हैं, वर्तमान में अपने घर पर ब्यूटी पार्लर का संचालन कर रही हैं इस कार्य से 3 से 4 हजार रु महीने की आमदनी हो जाती है। इसके अतिरिक्त इन्होंने समूह से ऋण लेकर ई-रिक्शा खरीदा है एवं उसका संचालन कर रही हैं। जिसमें प्रति माह 10 से 12 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। इस तरह वर्तमान में लगभग 20 हजार रुपए महीने में कमाई हो रही है। चांदनी दीदी बिहान के माध्यम से लोकस एप और ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना (व्ही.पी.आर.पी.) पोर्टल में स्व-सहायता समूह सदस्यों की इंट्री का कार्य भी करती है। बिहान में जुड़ने के बाद सामुदायिक संवर्ग के विभिन्न पदो पर कार्य करते हुए इन्होंने स्वयं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाया है, उनके उत्कृष्ट कार्यो से प्रभावित होकर विभिन्न सार्वजनिक मंचों पर विधायक, कलेक्टर एवं न्यायधीश व्यवहार न्यायालय जैसी विभूतियों ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। कड़ी मेहनत एवं लगन से आज चांदनी दीदी आत्मनिर्भर बनकर सम्मान की जिंदगी जी रही हैं एवं अपने बच्ची को अच्छी शिक्षा दे पा रही हैं। स्व-सहायता समूह की महिलाओं को पर्याप्त वित्तीय सहयोग दिलाकर, उनकी आजीविका संवर्धन करना एवं अपनी तरह उन्हें भी आत्मनिर्भर बनाना चांदनी दीदी के जीवन का प्रमुख लक्ष्य है।

# विज्ञान मेला में सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

खैरागढ़ (दावा)। सरस्वती शिक्षा संस्थान की योजना अनुसार विभाग स्तरीय विज्ञान वैदिक गणित मेले का आयोजन सोमवार 16 से बुधवार 18 सितंबर को बेमेतरा मे संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिताओं में सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ के भैया बहिनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल किया। जिसमे से 10 छात्रों को प्रथम एवं 15 छात्रों को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। खैरागढ़ विद्यालय के भैया बहिनों ने विभिन्न विधाओं जैसे प्रदर्शन, पत्रवाचन, प्रश्नमंच, प्रयोग में शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के सभाकक्ष में सफलता प्राप्त भैया बहिनों का सम्मान किया गया एवं विज्ञान विभाग द्वारा बताया गया, कि ये भैया बहिन प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में तिल्दा नेवरा एवं चांपा में शामिल होंगे। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा ने भैया बहिनों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं हमेशा आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

# डॉ. राय को डीलिट की मानद उपाधि, साहित्य समिति द्वारा हुए सम्मानित

**राजनांदगांव (दावा)। नगर के साहित्य धर्मी एवं हास्य/व्यंग्यकार, दिग्विजय महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. शंकर मुनि राय को अमेरिका से साहित्य के क्षेत्र में डी, लिंट की मानद उपाधि मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के कवि/साहित्यकारों ने उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।**

इस अवसर पर विशेष रुप से दिग्विजय महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ अंजना ठाकुर छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष व छग राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक, कवि/ साहित्यकार- आत्माराम कोशा अमात्य साहित्य समिति के उपाध्यक्ष हास्य/ व्यंग्य कवि गिरीश ठक्कर स्वर्गीय सचिव- मानसिंह ठाकुर मौलिक संयुक्त सचिव तथा दिव्य योग प्रशिक्षक किशोर माहेश्वरी सहित कालेज के हिंदी विभाग की डॉ., बीएन जागृत, डॉ,प्रवीण साहू, रजिस्ट्रार डॉ दीपक परगनिहा आदि उपस्थित थे।

अपने स्वागत सम्मान से अभिभूत डॉ राय ने साहित्य समिति के अध्यक्ष श्री कोशा को नगर के मूर्धन्य साहित्य त्रिवेणी पर लिखित पुस्तक भेंट की। डॉ राय ने बताया कि उन्हें दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ठाकुर की अनुशंसा से अमेरिका द्वारा उक्त उपाधि से सम्मानित किया गया ।

बता दें कि डॉ. राय की साहित्यिक उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान उन्हें डॉ. एस राधाकृष्णन रिसर्च एंड डेव्हलपमेंट सेंटर बंगलौर के सौजन्य से यूनिवर्सिटी ऑफ़ सेंट्रल अमेरिका द्वारा 5 सितम्बर 2024 को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान की गई है।

डॉ राय की इस उपलब्धि पर साहित्य समिति के कवि/ साहित्यकारों सहित प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर व विभागीय प्राध्यापकों, महाविद्यालय के स्टाफ, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उक्त जानकारी मानसिंह मौलिक ने दी।

# कम्प्यूटर विभाग में परिषद का गठन

**डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ के कम्प्यूटर विभाग में 19 सितम्बर को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देश एवं कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में सत्र 2024-25 हेतु परिषद का गठन किया गया।**

## अध्यक्ष के रूप में डूमेश्वर सिन्हा का चयन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमति ई. व्ही. रेवती एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग से सहा.प्राध्या. वेदप्रकाश साहू एवं कंप्यूटर विभाग के शिक्षक मनीष भास्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। तत्पश्यात मुख्य अतिथि और विशेष अतिथियों का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया।

परिषद में पीजीडीसीए विभाग के 9 छात्र-छात्राओं को परिषद के पदाधिकारियों के रूप में मनोनीत किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में डुमेश्वर सिन्हा, उपाध्यक्ष श्वेतराज, सचिव नंदनी रजक, सहसचिव वर्षा पटेल, कोषाध्यक्ष रितु पटेल एवं झगेंद्र, मीडिया प्रभारी टाकेश्वर साहू, भोजराम चंद्रवंशी और भूपेंद्र कंवर को मनोनीत किया गया। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को प्राचार्य के द्वारा परिषद का पद बैच लगाकर और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने कहा कि परिषद गठन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभाग के कार्यों के प्रति सहभागिता को बढ़ाना है ताकि वे सभी कार्यों के प्रति जिम्मेदार हो सकें। विभाग के विद्यार्थी ही महाविद्यालय में अपने विभाग का प्रतिनिधित्व करते है। सहा प्राध्या. वेदप्रकाश साहू ने एक महत्वपूर्ण वाक्य कहते हुए कहा कि ज्ञान कभी भी कम नहीं होता वो दिन और स्थान के अनुसार हमेशा बढ़ता ही रहता है। कार्यक्रम के अंतिम पडाव में विगत वर्ष कंप्यूटर विभाग के उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पीजीडीसीए, डीसीए एवं बी.एस.सी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और सभी ने मिलकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर विभाग से तूलिका चक्रवर्ती ने किया।

# नियमित और प्लेसमेंट कर्मी अपनी मांगों को लेकर राजधानी हुए रवाना

**गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मी एवं नियमित कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर राजधानी के नया रायपुर तूता में हो रहे महासंघ के प्रांतीय आव्हान में धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे।**

इस आशय की जानकारी निकाय सीएमओ वर्मा को 17 सितंबर को लिखित आवेदन दे चुके है। ये सभी कर्मचारी 18 सितंबर से 20 सितंबर तीन दिन सामूहिक अवकाश में रहेंगे। निकाय में 14 नियमित कर्मचारी एवं लगभग 40 प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से नगर पंचायत में कार्य करने वाले एक भी कर्मचारी नहीं है यहां आने वाले वार्डवासियों को बिना किसी जवाब मिले खाली हाथ मायूस लौटना पड़ रहा है। साथ ही सुबह वार्डवासियों को नलों से पानी नहीं मिल पाई है वही नगर में जगह-जगह कचरे का आलम देखने को मिल रहा है, निकाय को राजस्व वसूली भी नहीं हो पा रहा है, बाजार क्षेत्र में सफाई नहीं होने के चलते व्यापारियों में आक्रोश छाया हुआ है।

**पेयजल और सफाई व्यवस्था हुई बेपटरी**

# महरूमकला के ग्रामवासियों ने शिक्षिका सीमा शर्मा को ससम्मान दी गई विदाई

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम महरूमकला वालों ने अपने शिक्षिका सीमा शर्मा को 19 सितंबर को भावभीनी और सम्मान के साथ विदाई दी। ग्राम महरूमकला प्राथमिक शाला की सहायक शिक्षिका श्रीमती सीमा शर्मा का विगत दिनों प्रधान पाठक पद में प्रमोशन हो जाने के कारण बहुत ही भारी मन से ग्राम के पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के ग्राउंड में विदाई समारोह का आयोजन कर सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना किया गया।

संकुल समन्वयक बैन दास साहू ने श्रीमती सीमा शर्मा के शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके टीचिंग कला के बारे में गांव वालों को बताया कि किस तरह अल्प समय में ही श्रीमती सीमा शर्मा को बच्चे अपना आइडल मानते थे और उनसे स्नेह करते थे। आज के इस विदाई सह सम्मान समारोह में समस्त ग्रामवासियों और मिडिल स्कूल और प्राथमिक स्कूल के समस्त शिक्षकों ने श्रीमती सीमा शर्मा के योगदान को अतुलनीय बताया। ग्रामवासी मे एस.एम.सी. की उपाध्यक्ष श्रीमती योगेश्वरी वर्मा ने कहा कि शर्मा मैडम का प्रमोशन हुआ है, इसलिए हम लोग जाने दे रहे है अगर ट्रांसफर हुआ रहता तो पूरे ग्रामवासी के द्वारा प्रयास करके उनके ट्रांसफर को रुकवा देते।

आज विदाई समारोह मे श्रीमती सीमा शर्मा को ग्रामवासियों ने कोई साड़ी, शाल भेंट किये। फूल और बच्चों ने हस्तलिखित ग्रीटिंग कार्ड बनाकर रोते हुए भेंट किया। ये अवसर देखने लायक था कोई शिक्षिका के विदाई का यह पहला अवसर था जहाँ गांव वालों और समस्त शिक्षकों और बच्चों के आँखों से विदाई देते समय आंसू छलक रहे थे। विदाई समारोह मे पंचायत प्रतिनिधि ललित चोपड़ा ने सीमा शर्मा के व्यवहार की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसी शिक्षिका बिरले ही मिलते है। इस अवसर पर श्रीमती गौरी वर्मा, भारती गुप्ता, पिलेश्वरी साहू, गिरिजा वर्मा, ताराबाई वर्मा, सरिता कन्नौजे, उषा यादव, धनेश्वरी वर्मा, हेमा वर्मा, राजेंद्र गेंडरे, मनहरण वर्मा, दानीराम वर्मा आदि ग्राम प्रमुख और पालकगण के साथ ही साथ मिडिल स्कूल महरूम कला के प्रधान पाठक श्री श्रीवास्तव प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गोवेर्धन लाल सेन, डिलेश्वर साहू, मनीष पाली, जितेन्द्र बघेल, गौतम लहरे, महिपाल साहू, अंजू चंद्राकर, श्रीमती ममता उइके सहित समस्त मिडिल हुए प्रायमारी के बच्चों ने श्रीमती सीमा शर्मा को नम आँखों से विदाई दिए। इस अवसर पर सरपंच ने छुईखदान ब्लॉक के खैरबना में प्रधान पाठक बनने पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने अनुकलाल साहू को दी श्रद्धांजली

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र ग्राम सेमहरबाँधा (अ.चौकी) निवासी अनुकलाल साहू का 11 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया था।

जिसके 20 सितंबर को दशगात्र एवं गंगा पूजा कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ उनके निवास पर आयोजित दशगात्र एवं गंगा पूजा कार्यक्रम में पहुंच कर स्व. अनुकलाल साहू को याद करते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्पहार अर्पित कर श्रद्धांजली दी।

# शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष द्वारा न्योता भोज का आयोजन

हरदी (दावा)। बालक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, कन्या प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पिनकापार में बालक माध्यमिक शाला प्रबंधन समिति शाला के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर राम सोनी के द्वारा न्योता भोज का आयोजन 19 सितंबर को रखा गया।

इस अवसर पर ग्राम के पूर्व सरपंच दिलेश्वर भूआर्य एवं वर्तमान सरपंच सोमिन भूआर्य, ग्राम प्रमुख जगदीश राम देवांगन, बिंदा बाई देवांगन, अशोक देवांगन, ग्राम पंचायत सचिव एवं समस्त पंचगण, बालक प्राथमिक शाला से प्रधानपाठक शत्रुहन लाल सोनकर, सहायक शिक्षक दुर्गेश कुमार सोनकर, बालक माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकम सिंह देवांगन, शिक्षिका हेमपुष्पा सुकदेवे, कन्या प्राथमिक शाला से प्रधानपाठिका विमला बोरकर, कन्या माध्यमिक शाला से प्रधान पाठक श्याम किरण लूणहारे, शिक्षक नितेश कुमार लूनहरे, शिक्षिका तोमेश्वरी साहू, शिक्षिका अनिल कुंवर शेवता, संकुल समन्वयक रोशन लाल साहू एवं समस्त बच्चे एवं हाई स्कूल प्रिंसिपल केके साहू शामिल हुए।

# महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि 30 सितंबर तक बढ़ी

**डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश के महाविद्यालय में 30 सितंबर तक प्रवेश की तिथि में पुनः वृद्धि की गई है। विकासखंड डोंगरगढ़ स्थित वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रामा टोला में रिक्त सीटों की संख्या 40 बताई गई है। 12वीं पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए प्रवेश हेतु सुनहरा अवसर है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन होने की जानकारी प्राचार्य द्वारा दी गई है।**

आयुक्त,उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन,नवा रायपुर के नाम जारी किए गए पत्र में छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक संस्थाओं के लिये सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश तिथि में वृद्धि किए जाने का उल्लेख किया गया है।इस विभाग के समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 30 अगस्त द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शैक्षणिक संस्थाओं हेतु सत्र 2024-25 के लिये विश्वविद्यालय /महाविद्यालय स्तर पर सीट रिक्त रहने की स्थिति में दिनांक 14.09.2024 तक प्रवेश की तिथि में वृद्धि की गई थी।

अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग रायपुर राकेश कुमार ध्रुव द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि,छात्रहित की दृष्टि से सीट रिक्त रहने की स्थिति में दिनांक 30 सितंबर तक प्रवेश की तिथि में पुनः वृद्धि की जाती है।

# ग्रामीण मंडल ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

डोंगरगढ़ (दावा)। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाई जाने वाली सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ग्राम बेलगांव में भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें मैदान की सफाई, स्कूल की सफाई एवं स्कूल परिसर की सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम मंडल महामंत्री लखन जंघेल, कचरू साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपकार साहू एवं तेज लाल वर्मा, ग्राम के सरपंच छबील राम साहू, जीवन वर्मा, मुरली गेडाम, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष अग्रवाल, दशरथ ठाकुर जितेंद्र गेंडरे, श्याम लाल कंवर, इस पखवाड़ा कार्यक्रम के मंडल संयोजक एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा साथ ही इस कार्यक्रम के सदस्य एवं युवा मोर्चा के महामंत्री झुलेंद्र वर्मा, हेमकुमार साहू, प्रदीप चंद्रवंशी, जागेश्वर साहू उपस्थित थे।

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के सदस्य झूलेंद्र वर्मा ने बताया की आगामी कार्यक्रम को लेकर भी मंडल में चर्चा हुआ जिसमे मंदिरों के आस पास की सफाई के साथ-साथ लिपाई पोताई भी किया जाएगा। साथ ही साथ 24 सितंबर को डोंगरगढ़ मारवाड़ी धर्मशाला में ग्रामीण मंडल एवं शहर मंडल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाना है रक्तदान करने के लिए रक्तदाता अपना नाम 6268785894 पर दर्ज करा सकते है साथ ही ये भी अपील किए है की मानव जीवन बचाने ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करने के लिए लोग आगे आएं क्योंकि रक्तदान महादान है लोगों को जीवनदान देना मानवता का फर्ज निभाना है।

# मुरमुन्दा में हास्य कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**डोंगरगढ़ (दावा)। संघर्ष गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम मुरमुन्दा के संयुक्त तत्वावधान में विगत 16 सितंबर को भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र एवं अन्य जिलों के कवियों को आमंत्रित किया गया था।**

जिसमें प्यारेलाल देशमुख गीतकार जिला बालोद, हास्य व्यंग कवि ग्वाला प्रसाद यादव, जोशी लमती छुरिया, भूखन वर्मा हास्य व्यंग, धामनसरा, अमृत दास साहू, गीतकार, कलकसा डोंगरगढ़, अरविंद लाल, हास्य व्यंग, चिचोला, बेदराम पटेल मिमिक्री, बेलरगोंदी, मदन मंडावी मंच संचालक, द्वारा सहित उक्त सभी कवियों द्वारा एक से बढ़कर एक हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत कविताओं एवं संदेश परक शानदार गीतों की प्रस्तुति दी गई जिससे उपस्थित दर्शकगण हसी के ठहाके लगाने मजबूर हो गए एवं तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का निरंतर उत्साह वर्धन करते रहे और देर रात तक इस कार्यक्रम का लुत्फ़ उठाते रहे।

ज्ञात हो कि ग्राम मुरमुन्दा में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन पहली बार हुआ है, कवि सम्मेलन का सफल संचालन ग्वाला प्रसाद यादव ने किया, उक्त आयोजन प्रवीण ठाकुर के सफल संयोजन एवं आयोजक संघर्ष गणेश उत्सव समिति एवं समिति के संरक्षक डॉ शंकर कौशिक, फणेश्वर कदम, खेमचंद सोरी, (सरपंच) हेमंत देवांगन, प्रह्लाद सोरी है।

सदस्य- मुकेश ठाकुर, कुणाल ठाकुर, खिलावन देवांगन, विजय सिन्हा, महेश ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, डॉ.लोकेश कौशिक, संदीप कौशिक, योगेश कदम, चंद्रेश कदम, लक्की कदम, ईश्वर कौशिक, सन्नी देवांगन, नरेंद्र देवांगन, मोहन देवगन, राकेश यादव, अजय कदम, राहुल साहू, शैलेंद्र साहू, देवा कदम, चोहल वर्मा, दिनेश पटेल, मंथिर पटेल, डिकेश देवांगन सहित इस सफल आयोजन में समस्त ग्रामवासियों का विशिष्ट योगदान एवं सहयोग रहा।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु 7 अक्टूबर तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 12 सितम्बर 2024 से 7 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# गायत्री विद्या मंदिर में कविता और वाद विवाद प्रतियोगिता

राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर कंचन बाग (हिन्दी माध्यम) में हिन्दी दिवस के अवसर पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवी सें आठवी तक के बच्चों ने भाग लिया। अवन्तिका तिवारी ने शानदार प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, गर्व सोनकर द्वितीय, विधि साहू तृतीय और मनोज ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

कक्षा नवमीं से दसवीं तक के बच्चों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय था 'वर्तमान परिवेश में नवीन शिक्षा नीति की आवश्यकता' बच्चों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किये जिसमें कशिश चंदेल प्रथम, हिमांशी साहू द्वितीय गौरी पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में ग्यारहवीं से बाहरवीं के विद्यार्थियों का विषय था 'बड़े बुजुर्गो के लिए डिजिटल साक्षरता की आवश्यकता'। बच्चों ने पक्ष में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समय के साथ परिवर्तन जरूरी होना चाहिए। विपक्ष में डिजिटल माध्यमों के दुष्प्रभावों को बताया गया। अपने प्रभावी विचारों को व्यक्त कर गुलशन पाण्डेय प्रथम, शारी प्रभा द्वितीया, साक्षी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाला की प्राचार्या सुश्री सीमा श्रीवास्तव और शिक्षक शिक्षिकाओं ने विजेता बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जोगी कांग्रेस ने पुनः कार्यकारिणी घोषित

**शमसुल आलम को राजनांदगांव जिले के अध्यक्ष**

राजनांदगांव (दावा)। आज सुबह ही जोगी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने नई कार्यकारिणी की सूची जारी की है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रेणु जोगी की अनुशंसा पर अमित जोगी ने शमसुल आलम को राजनांदगांव शहर अध्यक्ष के पद से पदोन्नति कर पूरे राजनांदगांव जिले का अध्यक्ष बना दिया। हाल ही में शमसुल आलम राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी भी रह चुके हैं। क्षेत्र तथा पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा सक्रिय जोगी कांग्रेसी कहलाते है।

# सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का विज्ञान एवं गणित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन

डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ के भैया बहनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जो बेमेतरा में आयोजित था विज्ञान और गणित मॉडल प्रश्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम को गौरवान्वित किए हैं।

प्रतियोगिता में देवराज ठाकुर भौतिक प्रयोग प्रथम आदित्य सोनवानी रसायन प्रयोग द्वितीय प्रेरणा सिन्हा पत्र वाचन द्वितीय, शाश्वत वर्मा प्रादर्श द्वितीय दर्पण सिंह राजपूत विज्ञान प्रयोग द्वितीय, कुंवर जीत यादव विज्ञान प्रयोग प्रथम इसी प्रकार गणित पत्र वाचन में लक्ष्मीकांत सोनकर प्रथम, मुस्कान सिन्हा गणित मॉडल प्रथम स्थान प्राप्त किए है। प्रतिभागियों के साथ संरक्षक आचार्य के रूप में नरेश सिन्हा एवं दीदी हिमांशु इंदुरकर बेमेतरा गए हुए थे।

इस उपलब्धि पर विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुनील जैन सचिव, नीलम चोपड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर, कोषाअध्यक्ष प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, प्रभाकर राव गिरधर, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश सोनी, गोपाल खेमुका, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि ने इन भैया बहनों को बधाई दिए हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी के छात्राओं का अंडर 14 में चयन

डोंगरगढ(दावा)। लाल बहादुर तहसील अंतर्गत शा. पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी की चार छात्राओं का चयन अंडर-14 नेशनल स्कूल गेम्स कबड्डी के लिए स्टेट टीम के लिए हुआ है। ये छात्राएं कवर्धा में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में राजनांदगांव का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल मुकाबले में दुर्ग को 16 अंक से पराजित करते हुए फाइनल जीती थीं।

पूर्व माध्यमिक शाला के छह छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था, जिसमें से भानबती, खुशबू, वंदना और गौरी का चयन स्टेट के लिए हुआ है। अब ये छात्राएं दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। ये छात्राएं ग्राम कोहलाकसा में अपना अभ्यास करती हैं। जहां उन्हें अनुभवी शिक्षक व कोच मनोज कुमार साहू व सहायक कोच खुजूलाल निषाद के द्वारा प्रतिदिन कबड्डी का अभ्यास कराया जाता है। साथ इन छात्राओं को स्टेट स्तर तक पहुंचाने में पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी के प्रधान पाठक एमएल देवांगन, रामदयाल जोशी का योगदान रहा है। प्रधान पाठक एमएल देवांगन ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# चिखली शराब दुकान हटाने कांग्रेसियों का विरोध.... वार्डवासियों ने कहा दुकान शराब का विरोध नहीं है, कोचिया गिरी बंद हो

**शराब दुकान के समर्थन में भी आए लोग... महिलाओं का शराब दुकान हटाने के बजाय.. कोचिया गिरी व अवैध शराब बिक्री बंद किए जाने की मांग**

राजनांदगांव(दावा)। निकटस्थ ग्राम सोमनी के जम्बूरी मैदान में संचालित कम्पोजिट देशी शराब दुकान को चिखली में लाकर खोल दिए जाने से इसका शुरू से ही विरोध होने लगा था। शनिवार को कांग्रेसियों द्वारा इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया गया और चिखली के चांदनी चौक समीप कांग्रेसियों ने धरना प्रदर्शन चक्काजाम किया। हालांकि कांग्रेस महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शारदा तिवारी व पूर्व महापौर सुदेश देशमुख के नेतृत्व में चिखली में शराब दुकान हटाने को लेकर हुए धरना प्रदर्शन कार्यक्रम लगभग आधे घंटे में ही सिमट गया।

वहीं वार्ड के लोगों द्वारा शराब दुकान के समर्थन में आवाज बुलंद करते देखा गया। लोगों का कहना है कि शराब दुकान हटाने के बजाय यहां से अवैध शराब बिक्री का कारोबार खत्म की जाए। कोचियागिरी को बंद की जाए। बहरहाल घटना स्थल पर पहुंच प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों शराब दुकान हटाने के विरोध को देखते हुए शासन को इस संबंध में लिखित में देने की बात कही है। कांग्रेसियों के धरना-प्रदर्शन के दौरान मौके पर उपस्थित रहे संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर आदि ने धरना प्रदर्शन कर रास्ता जाम कर रहे आन्दोलनकारियों को समझा बुझा कर शांत किया व उन्हें आश्वासन दिया कि शासन से चिखली शराब भट्ठी हटाने के लिए प्रशासन द्वारा लिखकर दिया जाएगा। इधर कांग्रेसियों द्वारा चिखली शराब दुकान हटाने की मांग की प्रति कलेक्टर को भेज दी गई है।

### विरोध और समर्थन

कांग्रेसियों द्वारा चिखली स्थित शराब भट्ठी हटाने हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान जहां शराब भट्ठी नहीं हटना चाहिए के समर्थन में भी लोग सामने आए। धरना प्रदर्शन के समीप कुछ लोगों ने बजाय शराब भट्ठी के कोचियों की शराब बिक्री से रोक लगाए जाने की बात कही। इसी तरह की बात धरना-प्रदर्शन कर रही महिलाओं के मुंह से भी सुना गया। बताया जाता है कि चिखली क्षेत्र में पुलिस चौकी होने के बाद भी कोचियों द्वारा खुले आम शराब बिक्री का कारोबार चल रहा है, जिससे खासकर महिलाएं सबसे परेशान है। बता दे कि शुक्रवार को सर्व हिन्दू समाज की बड़ी संख्या में महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सड़क पर उतर कर आवाज बुलंद की।

**पंद्रह मिनट में खत्म हो गया आंदोलन**

शराब दुकान के विरोध में चिखली चौक के समीप जुटे कांग्रेसियों ने कुछ देर के लिए सड़क में बैठकर रास्ता जाम भी किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के सामने आकर बातचीत किए जाने उपरांत कुछ ही देर में मामला निपट गया। धरना प्रदर्शन में पूर्व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पदम कोठारी, डॉ. अरूण देवांगन, पूर्व एल्डरमेन झम्मन देवांगन, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, ऋषि शास्त्री, विनय झा, अरविन्द वर्मा, माया शर्मा, ललिता साहू, रीना पटेल आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन वार्डवासी उपस्थित थे। हालांकि शनिवार को सुबह 10 बजे चिखली में कांग्रेसियों के धरना-प्रदर्शन तत्पश्चात सड़क पर आकर बैठ जाने से चक्काजाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, लेकिन इसका असर नगण्य रहा। चौक के ही समीप शहर की ओर जाने के छोटे मार्ग होने के कारण ज्यादातर छोटे वाहन उस रास्ते से गंतव्य की ओर निकल गए।

### आपराधिक घटना बढ़ी

धरना प्रदर्शन के दौरान महापौर हेमा देशमुख ने बताया कि चिखली क्षेत्र में शराब दुकान खुलने से आपराधिक घटना बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वार्डवासी पहले भी विरोध कर चुके है। शासन-प्रशासन से मांग की जा चुकी है कि चिखली क्षेत्र में शराब दुकान नहीं खोला जाए, लेकिन इसके बाद भी गुपचुप तरीके से रातों रात शराब दुकान खुलवाया गया। इस दौरान किसी प्रकार अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हो पाई और चिखली से शराब दुकान हटाओं वाला कांग्रेसियों का धरना-प्रदर्शन व सड़क जाम आन्दोलन मात्र पंद्रह-बीस मिनट में ही राईट-फाईट हो गया।

## कन्हैयालाल कोठारी ने गौशाला पिंजरापोल को 32.6 एकड़ जमीन दान में दी

राजनांदगांव (दावा)। जीव दया और प्राणी मात्र की रक्षा के लिए 120 वर्ष पूर्व गठित संस्था गौशाला पिंजरापोल गौ संरक्षण एवं संवर्धन के नाम से पूरे प्रदेश में गौ सेवा के पर्यायवाची के नाम से जानी जाती है और समय-समय पर देश भर से कई भामाशाह इस गौशाला पिंजरापोल का अवलोकन करने आते रहते हैं, और यथायोग्य सहयोग भी देते रहते हैं।

श्री पारख ने बताया कि गौशाला पिंजरापोल की गौ संरक्षण की सेवा से प्रभावित होकर शहर के कन्हैयालाल कोठारी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती किरण देवी कोठारी द्वारा छुईखदान में कोरबा ग्राम में स्थित 32.6 एकड़ जमीन गौशाला पिंजरापोल को दान में दी गई। इस दौर में ऐसी अनुकरणीय सेवा भावना से दिए गए कन्हैयालाल कोठारी के इस महादान पर संस्था के सभी सदस्यों ने कोठारी परिवार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनके परिवार को साधुवाद देते हुए उनके मंगल भविष्य की ईश्वर से कामना करते हुए गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष खूबचंद पारख ने उन्हें आश्वस्त भी किया है की उनका किया गया यह पुनीत कार्य दीनहीन जीव जंतु एवं प्राणी मात्र की रक्षा में संजीवनी की भांति काम आएगा, जिसके पुण्यार्थ फल उन्हें अवश्य मिलेंगे। इस अवसर पर संस्था की ओर से पुरुषोत्तम गांधी, मनोज लड्ढा, रावल कोचर अरविंद शर्मा एवं अमित महोबिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

**गौशाला पिंजरापोल ने इस पुनीत सेवा कार्य का आभार जताया**

## कांग्रेस के बंद का शहर में रहा, मिला-जुला असर

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस द्वारा कवर्धा जिले के लोहारीडीह कांड के विरोध में आयोजित किए गए शहर बंद को मिली-जुली सफलता मिली। वैसे भी सुबह ज्यादातर दुकानें देर से खुलती हैं अतः इसे भी बंद माना गया। दोपहर बाद शहर की अधिकांश दुकानें खुल चुकी थी। वहीं व्यापारिक गतिविधियों पूर्व की तरह जारी रही। आम दिनों की तरह स्कूल कालेज खुले रहे।अति आवश्यक चीजों की दुकानें सहित सब्जी- तरकारी की दुकानें खुली रही। बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन में यात्रियों का आवागमन जारी रहा। कहीं भी ऐसा नहीं लगा कि शहर बंद है। हालांकि कांग्रेस जन लोगों से बंद की अपील भी करते रहे, इससे शहर के व्यापारिक हिस्से की कुछ दुकानें जरुर बंद रही। वहीं शहर के चिखली इलाके में शराब दुकान को बंद कराने को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित किए गए धरना-प्रदर्शन के दौरान चिखली इलाके में ज्यादातर दुकानें खुली देखी गई। उक्तानुसार देखा जाए तो शनिवार को कांग्रेसियों द्वारा आयोजित किए गए बंद को शहर सहित जिले में मिला जुला असर दिखा गया।

**कवर्धा काण्ड को लेकर शहर में सुबह दुकानें रही बंद**

बता दें कि कांग्रेसियों ने चेंबर आफ कामर्स सहित स्थानीय व्यापारिक संगठनों से बंद के लिए सहयोग मांगा था। लेकिन चेम्बर ऑफ कामर्स ने शार्ट नोटिस का हवाला देकर बंद में सहयोग करने से मना कर दिया था। यही वजह रही कि राजनांदगांव शहर में लोहारीडीह कांड को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित किए गए बंद को कोई खास समर्थन नहीं मिल पाया। वहीं दूसरी ओर जिले के हिसाब से देखा जाय तो बंद का मिला-जुला ही असर रहा।

### कांग्रेस ने घटना के संबंध में उठाए थे सवाल

बता दें कि कांग्रेस द्वारा लोगों के समक्ष कवर्धा के लोहारी डीह कांड को लेकर कई सवाल उठाए गए थे। लोगों में पुलिस की बर्बरता की तस्वीरें खींची गई थी तथा उसके आधार पर बंद एवं उक्त कांड के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई थी। उक्त मामले में राजनांदगांव जिले से लोहारीडीह विधायक दलेश्वर साहू और भोलाराम साहू को भेजा गया था, जहां उन्होंने पीड़ितों से मुलाकात की थी। कांग्रेस ने पूरे मामले में राज्य सरकार की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए थे तथा कवर्धा के विधायक और गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा भी मांगा गया था। लेकिन इतना कुछ करने के बावजूद कांग्रेस का बंद मिश्रित रहा।

बताते चले कि शनिवार को शहर बंद के पहले शुक्रवार देर शाम को भी कांग्रेसियों ने शहर में भ्रमण कर लोगों से बंद के लिए समर्थन मांगा गया था। लोहारीडीह कांड को बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा बंद का आह्वान किया था। इससे शहर के कुछ व्यापारिक हिस्से गुडाखू लाईन, रामाधीन मार्ग, सिनेमा लाईन व मानव मंदिर चौक के दुकानें सुबह बंद रही। दोपहर बाद व्यापारिक कामकाज दुकानों के खुलते ही शुरू हो गया। हालांकि बंद से आपातकालीन सेवाओं को मुक्त रखा गया था। स्कूल भी सामान्य रूप से संचालित हुए। पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते कहीं कोई अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। शहर के सभी चौक-चौराहों में पुलिस जवान तैनात रहे। बंद को सफल कराने के लिए कांग्रेसियों ने मोटर साइकिल रैली भी निकाली। जिसमें प्रमुख रूप से महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, आफताब आलम, श्रीमती शारदा तिवारी, कमलजीत सिंह पिंटू, अमित चंद्रवंशी, झम्मन देवांगन, दक्षिण ब्लाक शहर कांग्रेस अध्यक्ष, सूर्यकांत जैन, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, एनी

## भोले-भाले लोगों को झांसे में लेकर साईबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

राजनांदगांव (दावा)। साइबर ठगी के लिए फर्जी बैंक खाता, एटीएम कार्ड और मोबाइल सीम सप्लाई करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है, पुलिस ने 3 अंतर्राज्यीय साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 15 एटीएम कार्ड, 8 चेकबुक, 5 पासबुक, 7 मोबाइल सिम, 1 पैन कार्ड और 4 मोबाइल फोन जब्त किया गया है, साथ ही ठगी से अर्जित नगद राशि 1 लाख 4 हजार 910 रुपये भी बरामद किया गया। यह कार्रवाई सोमनी पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बेबी सिंह ने 20 सितंबर को सोमनी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका परिचित बिहार निवासी दीपांशु श्रीवास्तव जो कि करीबन 10 दिन पूर्व प्रार्थी को ग्राम मनगटा में मिला और प्रार्थी को बैंक खाता का पासबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सिमकार्ड, मांगकर उसके एवज में 15000 रूपये देने का प्रलोभन दिया था, उसी दौरान प्रार्थी द्वारा मनगटा में ही आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव को अपना पंजाब नेशनल बैंक का खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड और बैंक खाता से रजिस्टर्ड सीम कार्ड दे दिया गया था। इसके अलावा आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव के द्वारा प्रार्थी बेबी सिंह के मित्र हेमंत पटेल को भी खाते के बदले पैसे देने का प्रलोभन देकर प्रार्थी के मित्र हेमंत पटेल का कैनरा बैंक का खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड, रजिस्टर्ड सीमकार्ड अपने पास रखकर उन बैंक खातो का इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी में कर धोखाधडी कर रहे है. प्रार्थी की सूचना पर सोमनी थाने में पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया. जांच के दौरान पता चला कि आरोपी दिपांशु ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के आलावा छत्तीसगढ़ के ही अन्य भोले-भाले लोगों को रूपये पैसों का लालच देकर उनके बैंक खातों, मोबाइल नम्बरों और एटीएम कार्ड को अपने पास रखकर उन खातों का फर्जी तरीके से प्रयोग कई राज्यों में पीड़ितों के साथ ऑनलाइन ठगी की रकम को प्राप्त करने के लिए लगातार कर रहें हैं. साथ ही आरोपियों द्वारा ठगी रकम को एटीएम कार्ड से निकाल कर अपने रिस्तेदारों को सी.डी.एम. के माध्यम से रूपये भेजा जा रहा है. जिसके संबंध में साईबर फ्रॉड की शिकायत पीड़ितों के जरिये महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, तेलंगाना, दिल्ली, हरियाणा राज्यों के पुलिस थानों और साइबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर डायल कर सीएफसीएफआरएमएस पोर्टल में दर्ज कराया गया है। वर्तमान में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एवं साईबर अपराधों की रोकथाम और प्रभावी कार्रवाई के लिए राजनांदगांव पुलिस ने पर्यवेक्षण में प्रकरण के आरोपियों की पतासाजी के लिए साइबर सेल और थाना सोमनी से टीम गठित की। प्रकरण में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दबिश देकर आरोपी दीपांशु श्रीवास्तव और उसके अन्य साथी पवन कुमार और नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया. मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है. वहीं मामले में अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

**3 अंतर्राज्यीय शातिर गिरफ्तार, आरोपियों का कई राज्यों में फैला था नेटवर्क**

## पुलिस ने स्वीफट कार से 25 किलो 685 ग्राम गांजा तस्करी करते आरोपी को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव(दावा)। चौकी चिखली पुलिस व साइबर टीम की संयुक्त कार्यवाही के चलते नाकाबंदी कर बड़ी मात्रा में गांजा के साथ आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी गांजा तस्कर संतोष वासनिक के कब्जे से पुलिस ने 25 किलो 685 ग्राम गांजा, मोबाईल फोन व कार जप्त किया गया।

चौंक चिखली प्रभारी नंद कुमार बंजारे ने बताया कि आरोपी - संतोष वासनिक पिता कन्हैया लाल वासनिक, उम्र 36 वर्ष, निवासी स्कुलपारा ग्राम गठुला के संबंध में शुक्रवार 20 सितंबर को साईबर सेल एवं पुलिस चौकी चिखली को जरिये मुखबीर से सुचना मिली कि एक व्यक्ति सुजुकी मारूती स्विप्ट कार क्रमांक सीजी-08-एस-2752 में अवैध रूप से गांजा रखकर परिवहन कर रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दिया गया जिसपर तत्काल मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में पुलिस चौकी चिखली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर चिखली-खैरागढ़ रोड में ओ.पी. चिखली के पास नाकाबंदी पाइंट लगाया गया कुछ समय पश्चात मुखबीर द्वारा बताये गये नंबर वाली स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी-08-एस-2752 आते दिखी जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर रूकवाया गया। मुखबीर के बताएनुसार कार चालक का नाम संतोष वासनिक पिता कन्हैया लाल वासनिक उम्र 36 वर्ष निवासी स्कूलपारा ग्राम गठुला का होना पाया गया। उक्त संदेही के स्वीफ्ट कार को चेक करने पर कार के डिक्की व बीच सीट में तीन नग सफेद रंग के थैला में गांजा रखा, भरा हुआ मिला बरामद गांजा को तौल करने पर 25 किलो ग्राम 685 ग्राम कीमत 2,56,850 रूपये होना पाया गया आरोपी द्वारा गांजा परिवहन में प्रयुक्त कार मारूती सुजुकी स्वीप्ट की कीमत 400000 रूपये एवं एक नग विवो कंपनी का मोबाइल फोन कीमत 8 हजार रूपये जुमला जप्ती मसरूका 6,64,850 रूपये होना पाया गया जिसे मौके में जप्त कर आरोपी को अपराध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अपराध के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 610/24 धारा धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा गिरफ्तार आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

बताया गया कि प्रकरण में संलिप्त अन्य लोगों के संबंध में पतासाजी व विवेचना की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रभारी साईबर सेल निरीक्षक विनय पम्मार, ओ.पी.चिखली प्रभारी नरेश कुमार बंजारे, पुलिस चौकी चिखली से सउनि इब्राहीम खान, प्र.आर. वंदना पटले, आर. मनोज जैन, सुनील बैरागी एवं सायबर सेल से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, प्र.आरक्षक बसंत राव, आरक्षक अमित सोनी, आदित्य सिंह, हेमंत साहू, म.आर. पार्वती कंवर की सराहनीय भूमिका रही।

## जाते-जाते फिर बरसेगा मानसून, 23 सितंबर से भारी बारिश के आसार

राजनांदगांव (दावा)। अब जाते-जाते मौसम फिर से एक बार दम दिखाने जा रहा है। छत्तीसगढ़ में मानसून का अंतिम सप्ताह में भी अच्छी वर्षा के आसार दिखाई दे रहे हैं। शनिवार से मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में गरज-चमक के साथ वज्रपात और हल्की से मध्यम वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है।

23 सितंबर से छत्तीसगढ़ में वर्षा की तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। राजस्थान के कुछ भाग से दक्षिण पश्चिम मानसून के बिदाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनने की संभावना भी बन रही है। रायपुर में 21 सितंबर को आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 34 डिग्री और 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

द्रोणिका और चक्रवात के असर से होगी वर्षा

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर बीकानेर, शिवपुरी, सीधी, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम-मध्य बंगाल के खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर अंडमान सागर और उसके आसपास 21 सितंबर को बनने की संभावना है। इसके उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ने के बाद, इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर 23 सितंबर को बनने की संभावना है।

## लोक गायक पं. विवेक शर्मा की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय बिल्डिंग ठेकेदार संघ के तत्वावधान में लोक गायक पं. विवेक शर्मा का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़।

## कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधरोपण कर औद्योगिक क्षेत्र को हराभरा रखने के लिए किया प्रोत्साहित

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल आज औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर राजनांदगांव में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत कदम का पौधरोपण कर औद्योगिक क्षेत्र को हराभरा रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में पेड़-पौधे बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र को हराभरा रखने के साथ साफ-सफाई भी बहुत जरूरी है। इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल के साथ सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र सोनू वर्गीस, पार्षद श्री किशुन यदु, एवं औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा झाड़ू लगाकर व्यापक पैमाने पर झाडियों को काटकर साफ-सफाई की गई और कदम, बादाम, नीम जैसे 15 से अधिक पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर राजनांदगांव इण्डस्ट्रीज एसोशिएशन के अध्यक्ष संतोष जैन, उपाध्यक्ष ईश्वर भाई पटेल, सचिव विमल शर्मा, संतोष, पसारी, नवीन जायसवाल, सुबोध छाबड़ा, आकाश गुप्ता, नीलम बैध, अतुल चौपड़ा, विमल सेठिया, सानिल सेठिया, वीरेन्द्र चौहान, राजेश मोहबे, विजय भट्टड, नरेद्र कोटड़िया, पराग, प्रसन्न, नगर निगम की टीम और उद्योग विभाग की टीम उपस्थित थी।

**० कलेक्टर ने झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई**
**० कलेक्टर औद्योगिक क्षेत्र वर्धमान नगर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुए शामिल**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com